जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 124 प्रभात उदयपुर, गुरुवार 7 मार्च, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*महाकाव्यो में वर्णित है कि, दक्षिण भारत में रामेश्वरम् को उत्तरी श्रीलंका के मन्नार क्षेत्र से जोड़ने वाले रामायण काल के पौराणिक पुल के निर्माण में श्रीहनुमान की महती भूमिका थी। कई सौ सालों के बाद अब चिड़िया की एक नई प्रजाति को नाम दिया गया है ''हनुमान प्लोवर'', क्योंकि यह पौराणिक सेतु के आस-पास के क्षेत्र में दिखाई दी है और इसी क्षेत्र में रहती है। यह पहला नमूना है जो अन्य शोरबर्ड्स (तटीय पक्षियों) से इसे अलग करता है। अध्ययन करने वाले, युनिवर्सिटी ऑफ कोलंबो से संबद्ध, ज़ूलॉजी के प्रौफेसर, संपत सेनेविरत्ने ने कहा, ''इस चिड़िया का सामान्य नाम हमने इसके मूल आवास के साथ जुड़ी पौराणिक कथा को देखते हुए ''हनुमान प्लोवर'' रखा है। इसका वैज्ञानिक नाम, ब्रिटिश ऑर्निथॉलजिस्ट हैनरी सीबोम के सम्मान में ''करेड्रियस सीबोमी'' रखा गया है। हैनरी सीबोम ने 1887 में पहली बार सुझाव दिया था कि, श्रीलंका में प्रजनन करने वाली यह चिड़िया एक अलग विशिष्ट प्रजाति हो सकती है। प्रारंभ में यह माना जाता था कि, हनुमान प्लोवर कैन्टिश प्लोवर (करेड्रिअस एलैक्ज़ैण्ड्रिनस) की उप प्रजाति है, इसलिए 1848 में इसे ''करेड्रियस एलैक्ज़ैण्ड्रिनस सीबोमी'' नाम दिया गया था। कैन्टिश प्लोवर यूरेशिया और नॉर्थ एफ्रिका में पाई जाने वाली कॉमन शोरबर्ड है। कैन्टिश प्लोवर बड़ी संख्या में श्रीलंका में माइग्रेट करती हैं और माइग्रेटरी सीज़न खत्म होने के बाद, अपने ब्रीडिंग ग्राउण्ड्स को वापस चली जाती हैं। तथापि, इनकी एक आबादी पूरे वर्ष हिन्द महासागर के द्वीप पर ही रहती है। कुछ प्रवासी पक्षी, जिन्हें ''लॉइटरर्स'' कहते हैं, एक दो सीज़न तक वापस नहीं जाते। लेकिन श्रीलंका व दक्षिण भारत की यह आबादी बहुत अलग है, क्योंकि, यह प्रजनन भी करती है। संपत सेनेविरत्ने को भारी जिज्ञासा थी, यह जानने की कि, ये चिड़ियाँ कहाँ से आती हैं और द्वीप पर प्रजनन क्यों करती हैं।*

# वैभव गहलोत जोधपुर से लड़ें या जालौर से?

## इस प्रश्न का उत्तर इस बात पर निर्भर करता है कि, गहलोत को कांग्रेस का बेनीवाल से चुनावी गठबंधन करवाने में सफलता मिलती है या नहीं?

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 मार्च। राजस्थान में गठबंधन करने के मुद्दे पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि अभी इस पर चर्चा चल रही है पर अंतिम निर्णय लिया जाना अभी बाकी है। नैशनल एलांयस कमेटी के मुखिया मुकुल वासनिक ने राजस्थान में गठबंधन के मसले पर कहा कि निर्णय में कुछ समय लग सकता है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की गुजरात में प्रवेश करने वाली है और वासनिक गुजरात में कांग्रेस के प्रभारी हैं। उन्होंने माना कि बेनीवाल की पार्टी के साथ गठबंधन का प्रदेश में कांग्रेस के जाट नेता विरोध कर रहे हैं, इसका कारण है हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव जिसमें बेनीवाल ने कांग्रेस के कई प्रत्याशियों को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

- **राजस्थान में कांग्रेस के पुराने दिग्गज नेता इस गठबंधन के सख्त खिलाफ हैं, पर गहलोत मुकुल वासनिक के जरिये गठबंधन करने के लिये पूरा दबाव बनाये हुए हैं।**
- **कांग्रेस के जाट नेताओं का कहना है कि, विधानसभा चुनाव में जाटों ने भरपूर समर्थन दिया था कांग्रेस को, अतः अब बेनीवाल से गठबंधन कर अपने वोट बैंक को, क्यों बेनीवाल को सौंपा जाये।**
- **इन नेताओं का दूसरा तर्क है कि, बेनीवाल अगर जीत भी जाते हैं तो इसकी क्या गारंटी है कि, वे कांग्रेस गठबंधन में टिके रहेंगे और अन्ततोगत्वा मोदी की प्रेरणा से भाजपा से सहयोग नहीं करने लगेंगे।**
- **कांग्रेस में इस प्रश्न पर मतभेद के कारण नागौर, जोधपुर, जालौर व बाड़मेर की सीटों पर निर्णय नहीं हो पाया है।**

अधिकांश नेता मानते हैं कि हुनमान बेनीवाल भरोसे के काबिल नहीं हैं।

कई कांग्रेस नेताओं ने निजी तौर पर माना कि अशोक गहलोत और बेनीवाल के बीच गुप्त समझौता है, इसलिए बेनीवाल अशोक गहलोत के कहे अनुसार ही काम करते हैं। समझा जाता है कि गठबंधन मुद्दा हल होने तक नागौर, जोधपुर, जालौर और बाड़मेर की सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाएंगे।

7 मार्च को शाम 6 बजे कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होनी है, जिसमें प्रत्याशियों की घोषणा होगी पर गहलोत की वजह से इन सीटों पर निर्णय नहीं होगा। गठबंधन के आधार पर ही तय होगा वैभव गहलोत जोधपुर से लड़ेंगे या जालौर से। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि, लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस को पूरा जोर लगा देना चाहिए। पर अशोक गहलोत का सारा जोर अपने बेटे वैभव गहलोत पर है और वे अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं, चाहे इसकी कीमत पार्टी को ही क्यों न चुकानी पड़े।

# प्र.मंत्री मोदी ने आधा दर्जन नयी मैट्रो ट्रैन्स का उद्घाटन किया बुधवार को

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **इन मैट्रो ट्रैन्स में कोलकाता में पानी के नीचे, हुगली के नीचे सुरंग बनाकर मैट्रो ट्रेन का प्रोजैक्ट भी शामिल है।**
- **आगरा में भी तीनों विश्व धरोहर स्थलों, को जोड़ने वाली मैट्रो ट्रेन का ताजमहल, आगरा फोर्ट व सिकंदरा फोर्ट को मैट्रो से जोड़ने वाला प्रोजैक्ट भी है।**

नई दिल्ली, 6 मार्च। आम चुनावों का माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लगभग आधा दर्जन मैट्रो परियोजनाओं की शुरूआत की, जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें भारत की प्रथम अंडर वॉटर मैट्रो सैक्शन ट्रेन है जो कोलकाता को शहर के पूर्वी-पश्चिमी गलियारे के हावड़ा मैदान-एस्प्लनेड सैक्शन से जोड़ेगी। इस अंडर वॉटर मैट्रो सैक्शन के निर्माण पर 4965 करोड़ रूपये व्यय हुए हैं।

मैट्रो व रेल के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुणे मैट्रो का विस्तार रूबी हॉल क्लीनिक से रामवाड़ी तक, कोचि मैट्रो रेल चरण-1 का विस्तार एस.एन. जंक्शन से त्रिपुनिथुरा और आगरा मैट्रो का विस्तार ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर तक तथा कोचि मैट्रो के फेज़ 1 बी का भी उद्घाटन किया। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर 17 कि.मी. लम्बा विस्तार दुहाई से मोदीनगर तक किया गया, जो आर.आर.टी.एस. कोरिडोर में है, इसका भी कर उद्घाटन किया।

आर.आर.टी.एस. में किए गए नए विस्तार से वर्तमान में उपलब्ध दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आर.आर.टी.एस. गलियारे में वृद्धि होगी। इसमें बढ़ोतरी से इसके नेटवर्क में तीन नए स्टेशन जुड़ जाएंगे। ये स्टेशन मुराद नगर, मोदी नगर दक्षिण और मोदी नगर उत्तर होंगे। आर.आर.टी.एस. की निर्माण संरचना इस तरह की गई है ताकि इस विस्तारित मैट्रो मार्ग पर मैट्रो को 180 कि.मी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से चलाया जा सके। परन्तु इस पर 160 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी।

कोलकाता मैट्रो की भूमिगत रेल की पटरियों को भूमि तल से 33 मीटर्स नीचे बिछाया गया है तथा हुबली नदी की सतह से 13 मीटर नीचे अंदर रेल पटरियां बिछाई गई है। देश की पहली पानी के नीचे चलने वाली मैट्रो रेल हावड़ा से महाकरण स्टेशन तक 520 मीटर लम्बे मार्ग पर चलेगी और इस सुरंग में डबल ट्रेक होगा। मैट्रो ट्रेन 80 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से सुरंग से गुजरेगी और 45 सैकण्ड में अपनी निर्धारित दूरी पर पहुंच जाएगी।

आगरा मैट्रो रेल सैक्शन को प्राथमिकता से शुरू करने का मतलब है कि इससे पर्यटन में बहुत वृद्धि होने की आशा है क्योंकि इसके शुरू होने पर यह लाइन यूनेस्को की विश्व विरासत घोषित स्थानों से जुड़ जाएगी, जुड़ने वाले स्थान ताज महल, आगरा फोर्ट एवं सिकंदरा फोर्ट है। आगरा मैट्रो की कुल लागत जिसके अंतर्गत दो गलियारों की कुल लम्बाई 30 कि.मी. होगी। इसके कार्य पर 8379 करोड़ रूपये के खर्च आया है।

## मु.मंत्री भजन लाल शर्मा करोना पॉज़िटिव

जयपुर, 6 मार्च (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को करोना संक्रमण हो गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री अब सेल्फ आइसोलेशन में हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल आगामी सभी

- **मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर स्वयं को करोना पॉज़िटिव होने की जानकारी दी। इसके बाद सभी दलों के नेताओं व आमजन ने मुख्यमंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए पोस्ट किए।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बैंगलुरू शहर में चौंकाने वाली सूखे की स्थिति

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 मार्च। ब्राण्ड बैंगलुरू थोड़ा फीका पड़ रहा है। यह आगामी लोकसभा चुनावों से पूर्व कोई संदिग्ध आतंकी बम ब्लास्ट या राजनीति को गर्माने वाले पाकिस्तान समर्थित नारों की वजह से नहीं हो रहा, बल्कि वास्तविकता यह है कि बैंगलुरू पेयजल के गंभीर संकट से जूझ रहा है। अपार्टमैन्ट्स में पानी सप्लायी करने वाले प्राइवेट वॉटर टैंकर्स को राज्य सरकार ने नियंत्रित करना शुरू किया है, जिससे कई लग्ज़री अपार्टमैन्ट्स में पानी की किल्लत हो गई है।

बारिश ना होने के कारण राज्य के कई जिलों में सूखे के हालात हैं, लेकिन शहर और अन्य इसके आदी हैं। पानी की दैनिक जरूरतों के लिए प्राइवेट वॉटर टैंकर्स पर निर्भर रहने वाले बैंगलुरू के पास तीन महीने बाद आने वाले मानसून की प्रतीक्षा करने के अलावा कोई चारा

- **बहुमंजिला इमारतों के कॉम्प्लैक्स में कार व अन्य वाहनों को पानी से धोने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है तथा इन इमारतों में रहने वालों को निर्देशित किया गया है कि, पेपर-प्लेट्स इस्तेमाल करें तथा ''वैटवाइप्स'' (थोड़े-थोड़े गीले नेपकिनों) का इस्तेमाल करें, मुंह पोछने के लिये।**
- **सरकार ने आर.टी.ओ. अफसरों को भी आदेश दिये हैं कि, सभी पानी के टैंकरों का पंजीकरण करें, जिससे पानी की खपत पर कुछ अंकुश लग सके। अब तक दो दिन में 163 वॉटर टैंकर जब्त किये जा चुके हैं।**
- **अब तक बहुमंजिला इमारतों की बढ़ती मांग के कारण पानी की उपलब्धि आवश्यकता से बहुत कम थी तथा पानी के टैंकर्स से जनता जैसे-तैसे काम चला रही थी। पर अब अनावृष्टि ने स्थिति और विषम कर दी है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस आई.एन.एस. जटायु का लोकार्पण

नई दिल्ली 6 मार्च (वार्ता)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस जटायु का लोकार्पण किया। इस मौके पर लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल के पटेल, दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास और अन्य गणमान्य वयक्ति मौजूद थे। इससे लक्षद्वीप द्वीप में नौसेना की पकड़ मजबूत होगी और क्षेत्र में क्षमता निर्माण, परिचालन पहुंच और रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। मिनिकॉय में नौसेना बेस की स्थापना से द्वीपों के व्यापक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य भूमि के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आईएनएस जटायु नौसेना प्रभारी अधिकारी (लक्षद्वीप), दक्षिणी नौसेना कमान के नियंत्रण में कार्य करेगा। नौसेना प्रमुख ने यूनिट के अधिकारियों और जवानों से बातचीत की और इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनकी सराहना की। आईएनएस जटायु सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के दृष्टिकोण को अपनाते हुए भारतीय नौसेना की परिचालन निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कांग्रेस ने विधायक सुधीर शर्मा को राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया

नई दिल्ली 6 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस ने पिछले दिनों राज्यसभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद से हटा दिया। कांग्रेस महासचिव ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से शर्मा को इस पद से हटा दिया है।

## स्टार्टअप महाकुंभ 18 मार्च से भारत मंडपम में

नई दिल्ली, 6 मार्च (वार्ता)। भारतीय स्टार्टअप के सबसे बड़े उत्सव स्टार्टअप महाकुंभ 18 से 20 मार्च 2024 को भारत मंडपम और प्रगति मैदान में आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्टार्टअप ईकोसिस्टम के भीतर सम्मानित महिलाओं के महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हुए उनकी मेजबानी करेगा। इनवैस्ट इंडिया की एमडी एवं सीईओ निवरुति राय, नायका की संस्थापक एवं सीईओ फाल्गुनी नायर, एस4एस टेक्नोलॉजीज की सह संस्थापक निधी पंत, नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष, ममाअर्थ की सह संस्थापक गजल अलघ, अवाना क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी फंड की फाउंडिंग पार्टनर अंजली बंसल, फैबली की सह संस्थापक एवं सीईओ शिवानी पोद्दार, एडिवो डायग्नोस्टिक्स की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गीतांजलि राधाकृष्णन, हाइपरफेस की सह संस्थापक एवं सीओओ एश्वर्या जयशंकर और इंडियन एंजेल नेटवर्क की सह संस्थापक पद्मजा रूपारेल सहित अन्य लोग नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवसायों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और उद्यमशीलता यात्रा को आगे बढ़ाने पर अपनी विशेषज्ञता को साझा करेंगे। इन सत्रों का उद्देश्य स्टार्टअप की गतिशीलता और लचीलेपन को प्रदर्शित करना है, जो भारत के स्टार्टअप ईकोसिस्टम के वैश्विक कद को बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। अपने अनुभवों के माध्यम से, ये लोग प्रतिस्पर्धी और नवीनतम कारोबारी वातावरण बनाने के लिए आगे का रास्ता तैयार करेंगे।

## अलवर में बनेगा ई.एस.आई.सी. का उप क्षेत्रीय कार्यालय

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 मार्च। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) अलवर में अपना उप क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करेगा ताकि अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, भरतपुर व डीग जिलों में निवास कर रहे लगभग 12 लाख बीमा धारक कर्मचारियों की जरूरत को पूरा किया जा सके।

- **इससे अलवर, कैरथल-तिजारा, कोटपूतली, बहरोड़, भरतपुर व डीग के 12 लाख बीमा धारक श्रमिकों को मदद मिलेगी।**

यह निर्णय दिल्ली में मंगलवार को सम्पन्न (ई.एस.आई.सी.) की स्टैण्डिंग कमेटी की 231वीं मीटिंग में लिया गया है। बैठक में चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने व कामगारों व उनके परिजनों को नकद लाभ पहुंचाने का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वर्षों बाद चैन की नींद सोएंगी संदेशखाली की महिलाएं

## सी.बी.आई. की जो टीम शेख शाहजहां से पूछताछ के लिए शेख शाहजहां के घर गयी, उसके साथ मारपीट करने के आरोप में सी.बी.आई. ने शेख शाहजहां को आज हिरासत में लिया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 मार्च। तृणमूल कांग्रेस एवं उसकी सुप्रीमो ममता बनर्जी को आज तब एक शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा जब जमीनों पर कब्जे करने और संदेशखाली में बलात्कार करने के मुख्य आरोपी को पनाह देने के बावजूद राज्य पुलिस को उसे सी.बी.आई. के सुपुर्द करने को बाध्य होना पड़ा।

यह राज्य के संदेशखाली क्षेत्र को महिलाओं के महाविरोध प्रदर्शन का नतीजा है, क्योंकि संदेशखाली में तृणमूल के कई गुण्डों और उनके आपराधिक गठजोड़ क्षेत्र की पूरी आबादी के साथ फिरौती, बलात्कार, जमीनों पर कब्जे और ना जाने क्या-क्या अपराध किए थे। संदेशखाली की महिलाएं कई वर्षों बाद आज चैन की नींद सोएंगी और कुछ महिलाएं जो अपराधों से तंग आकर यह क्षेत्र छोड़ चुकी थीं, अपने घर वापस लौटने के बारे में सोचेंगी। प्रधानमंत्री ने आज कहा कि संदेशखाली की महिलाओं का उदाहरण पूरे बंगाल में विरोध प्रदर्शनों को जन्म देगा। यह समूचा घटनाक्रम, जिसकी परिणती मुख्य आरोपी को हिरासत में लेने के साथ हुई, बड़ा अजीबो गरीब रहा है।

- **ममता बनर्जी की सरकार, हाई कोर्ट के आदेश के पश्चात् भी दो दिन से शेख को सी.बी.आई. को सौंपने के लिए कतई तैयार नहीं थी।**
- **ममता सरकार ने हाई कोर्ट के आदेश को ''स्टे'' करने के लिये सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दर्ज करायी, पर अन्तोगत्वा भारी बदनामी व महिलाओं के लगातार धरने व विरोध ने ममता सरकार को मजबूर किया, शेख की गिरफ्तारी के लिये।**
- **जैसा कि, विदित ही है, शेख संदेशखाली में आदिवासी महिलाओं की ज़मीन हथियाने, मारपीट करने व महिलाओं से लगातार बलात्कार करने के आरोप से घिरे हुए थे।**

मुख्य आरोपी शेख शाहजहां दो महीनों तक फरार रहा और पुलिस यह बहाना करती रही कि शाहजहां के बारे में कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। लेकिन जब दबाव पड़ा तो राज्य पुलिस ने उसे अपराध स्थल से केवल 30 किमी. की दूरी पर ही दो माह बाद गिरफ्तार कर लिया। सी.बी.आई. ने शेख शाहजहां को उसकी हिरासत में सौंपने की मांग की थी।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को आदेश दिए थे कि वह शाहजहां को कल सी.बी.आई. के सुपुर्द कर दे और राज्य सरकार ने इस आदेश को कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन दो दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश की पालना करते हुए शाहजहां को सी.बी.आई. के सुपुर्द कर दे। बंगाल की विपक्षी पार्टियां अब इसको लेकर नारेबाजी कर रही हैं कि संदेशखाली की घृणित घटना के मुख्य आरोपी को सरकार क्यों पनाह दिए हुए थी। कोर्ट के आदेश की अवमानना को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में शिकायत भी की गई है। एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) बंगाल में हुए एक महाराशन घोटाले की जाँच में पूछताछ के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 मार्च। ओडिशा में कांग्रेस के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीकांत जेना राज्य के ए.आई.सी.सी. प्रभारी डॉ. अजय कुमार की उपस्थिति में बुधवार को कांग्रेस में लौट आए।

- **ओडिशा के नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा, सारे भ्रम दूर हो गए हैं और वे कांग्रेस में लौट कर खुश हैं।**

कांग्रेस में उनकी वापसी का यहां ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर स्वागत करते हुए डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सभी गलतफहमियां दूर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जेना की अनुपस्थिति खल रही थी और अब उनकी वापसी से आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं को बल मिलेगा। एक मौके पर श्रीकांत जेना ने कहा कि अपने छात्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

स्वयं प्रकाशित दीप को भी प्रकाश के लिए तेल और बत्ती का जतन करना पड़ता है, बुद्धिमान भी अपने विकास के लिए निरंतर यत्न करते हैं। कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, केवल उसको उपयुक्त काम में लगाने वाला ही कठिनाई से मिलता है। -शुक्रनीति

# किसी भी कक्षा/विषय में अध्ययन के लिए एडमिशन परीक्षा पर बैन अति आवश्यक, कोचिंग स्वत: ध्वस्त

शिक्षा के सम्बन्ध में पिछले एक सम्पादकीय लेख में मैनें कुछ अति महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे जिनमे एक सुझाव यह भी था कि स्कूली शिक्षा उपरांत स्नातक अथवा अधिस्नातक और डॉक्टर ऑफ़ फिलोसोफी डिग्रीओं के लिए कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाय। अपितु पात्रता क्लास परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर ही उसे आगे मन वांछित क्लास और विषय में प्रवेश दिया जाय। इसके लिए एक तो सभी उच्च कक्षाओं में सीमित के वजाय अधिक सीटों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। दूसरी तरफ एक कंसोलिडेटड प्रवेश सूची बनाकर छात्र को वांछित कक्षा में और वांछित कॉलेज आवंटित कर दिया जाय। इस प्रकार सभी पात्र छात्रों को प्रवेश सुनिश्चित हो सकेगा। कक्षा की वार्षिक अथवा दो सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुतीर्ण होने पर अगली साल छात्र एक्स स्टूडेंट के रूप में पुन: परीक्षा देने में योग्य माना जायेगा। उसमे भी अनुतीर्ण होने पर उसे फिर कोई और विकल्प अपनाना पड़ेगा जो उसे सुगम लगे। इस प्रकार सभी को एडमिशन देकर सरकार देश के एक नागरिक के साथ उचित व्यवहार करती प्रतीत होगी। यह नहीं कि छात्र किसी दूसरे देश में जाकर वहां वांछित शिक्षा प्राप्त करें। स्वतंत्र देश का नागरिक होने का गर्व तो तभी होगा जब देश की सरकार छात्र को शिक्षा के समुचित अवसर प्रदान करने में समर्थ हो।

रूस – यूक्रेन युद्ध के समय जब सैकड़ों की संख्या में भारतीय छात्र उन देशों और आसपास से सरकारी प्रयासों से निकाल कर भारत वापिस लाये गये तो मुझे तो कम से कम एक लज्जा का भाव मन में जाग्रत हुआ कि 70 साल का आज़ाद देश अपने युवाओं को वांछित शिक्षा देने में अभी तक समर्थ नहीं हो सका। मुझे प्रसन्नता होती उस समय यदि सभी मीडिया देश की सरकारों पर थूकते और प्रजा को अवगत कराते कि जो सरकार वे चुन रहे हैं वह कितनी असमर्थ और निरीह है? लेकिन कहीं से कोई आवाज नहीं उठी, प्रत्युत छात्रों को सकुशल देश वापिस लाने की प्रशंसा में ही केवल संलग्न रह गए। सरकार के कमजोर पक्ष की तरफ उनोहने सोचा तक नहीं। क्या यह मानसिक दिवालियापन दर्शाता है अथवा कमजोर पॉलिटी? पाठक इस पर निर्णय करें।

**आशा करते हैं कि सरकार शीघ्र ही सभी लेवल की प्रवेश परीक्षाएं कानून बना कर उन्मूलन करेगी जिससे तरुण मन छात्र मानसिक तौर पर प्रताणित न हों और एक आज़ाद देश के आज़ाद नागरिक की भांति अपनी मन माफिक शिक्षा ग्रहण करने में सक्षम हों। कोचिंग का मकड़ जाल इस प्रक्रिया से स्वतः ध्वस्त हो जायेगा वे संस्थाए और उनके अध्यापक आदि कोई और विकल्प तलासते नज़र आएंगे।**

आगे पढ़ने के लिए यदि प्रवेश परीक्षा उन्मूलन हो जाता है तो कोचिंग का बृहत धंधा स्वत: ही सिमटते सिमटते बंद हो जायेगा। इसके परिणाम स्वरुप स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में जो ह्रास हो चुका है उसका गौरव और गुणवत्ता शनैः शनैः वापिस पुनः स्थापित हो सकेगी, और जो उदासीनता स्कूली शिक्षक वर्ग में व्याप्त हो चुकी है वह भी धीरे–धीरे अधिक जागरूक और कार्य के प्रति संवेदनशील व् जवाब देह बन जाएगी।

उपरोक्त को सही मार्ग पर चलाने के लिए संरचना सरकार और अनुवभी शिक्षकों को बनानी भी पड़ेगी और उस की क्रियान्वति पर पेनी नज़र जनता जनप्रतिनिधिओं को भी रखनी होगी ताकि कही पर शिथिलता आने पर उसे शीघ्र इंगित कर अनुकूल किया जा सके। इस पक्ष पर मेरा सुझाव हैकि शिक्षकों के पदों को खाली न रहने दिया जाय, इसकी जबाव देहि शिक्षा सचिव और सम्बंधित क्षेत्रों के जन प्रतिनिधिओं की निर्धारित हो। शार्ट टर्म विज्ञापनों से वांछित चयन और नियुक्ति शीघ्र हो सकती है। गेस्ट फैकल्टी अथवा टेम्पररी अध्यापक किसी भी हालत में नियुक्त न किये जायं। विषय का टीचर नहीं होने पर डिस्ट्रिक्ट अदालते स्वत: संज्ञान से प्रिंसिपल अथवा सचिव को न्यायलय में घसीट सकती हैं। स्कूलों में पर्याप्त प्रयोगशालाएं वांछित उपकरणों से सुसज्जित हों।

विज्ञानं और भूगोल जैसे विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर को अनुभव ग्रहण बनाना आवश्यक है। विख्यात शिक्षा विद डॉ महाजनी ने एक शिक्षा की गुणवत्ता पर आयोजित एक प्रश्न उपस्थित सदस्यों से पूंछा कि यदि एक उत्तम टेक्स्ट बुक और एक अनुभवी टीचर में किस्से एक को चुनना हो तो किसे चुनेगे? अनुभवी टीचर का कोई विकल्प नहीं है।

उपरोक्त वर्णित मॉडल कोई नया नहीं है अपितु पूर्व में यही तरीका पूरे देश में अपनाया जाता था। इस देश में विद्युता की कोई कमी नहीं है। एक बार यदि हम किसी सिस्टम को परिवर्तित कर सरल और फुलप्रूफ बनाने में संलग्न हो जायँ तो वह सिस्टम फुलप्रूफ भले ही बन जाय लेकिन विस्तारित और किलिष्ट बन जाता है। उसमे फिर से नए आयाम तो जोड़े जा सकते हैं लेकिन उसे सरल नहीं किया जा सकता। ऐसी हमारी विद्वता और मानसिकता है। अत: पुरानी प्रणाली पर लौटना असंभव सा ही होता है।

मुख्य कारण हमारी मानसिकता में बैठी उस सिस्टम की कोई छवि ही हमें वांछित परिवर्तन करने से वाधित करती है। एक अन्य विकल्प प्रश्न पत्र के मॉडरेशन का है। हमें एक कॉमन पाठ्यक्रम बना कर उससे प्रश्न पत्र तैयार कर सभी अभ्यर्थिओं से ऑन लाइन उसे हल करा कर प्रवेश के वास्ते मेरिट सूची बनाई जा सकती है। कहने का तात्पर्य ये है कि कोई भी प्रणाली अपनाई जाय, छात्रों को सुगम लगे यह केवल प्रवेश के लिए विषयवार सूची बनाने में सहायक होगी। छात्र प्रवेश के लिए तो पात्रता परीक्षा के परिणाम से ही योग्य है केवल विषय निर्धारण में यह तरीका सहायक हो सकता है। प्रश्न पत्र आउट आदि लीक होने की भी समस्या स्वत: हल है।

आशा करते हैं कि सरकार शीघ्र ही सभी लेवल की प्रवेश परीक्षाएं कानून बना कर उन्मूलन करेगी जिससे तरुण मन छात्र मानसिक तौर पर प्रताणित न हों और एक आज़ाद देश के आज़ाद नागरिक की भांति अपनी मन माफिक शिक्षा ग्रहण करने में सक्षम हों। कोचिंग का मकड जाल इस प्रक्रिया से स्वत: ध्वस्त हो जायेगा वे संस्थाए और उनके अध्यापक आदि कोई और विकल्प तलासते नज़र आएंगे। प्रदेश का शिक्षा विभाग भी कहीं अधिक उत्तरदाई और त्वरित गति से कार्य करेगा।

**–प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं अधिष्टाता महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर राजस्थान**

# आदि काल से लाइफ मैनेजमेंट के सर्वश्रेष्ट गुरु भोले नाथ से जुड़े रोचक रहस्य



डा. जे. के. गर्ग

हम सभी आत्म चिंतन करें जब शिवजी के परिवार में विरोधी स्वभाव के प्राणी भी प्रेमपूर्वक साथ साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो क्यों नहीं हम हमारे समाज एवं देश में बिना किसी भेदभाव के गिरे हुओं को, पिछड़े हुओं को, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को साथ लेकर चल सकते हैं? यह भी सत्य कि कुछ धर्मांध स्वार्थी पथभ्रष्ट तथाकथित धार्मिक मनुष्य मौका मिलने पर अपने निज स्वार्थ के खातिर समाज में सांप्रदायिक सद्‌भाव को नष्ट करने के अंदर शामिल हो जाते है । शिव रात्री के पावन पर्व हम सभी सनातन धर्मी भारत वाशी संकल्प ले कि हम समाज के विभिन्न धर्मालंबी लोगों के साथ मिलजुल कर रहेंगे एक दुसरे का सम्मान करके प्रेम पूर्ण समंध बनायेगें । समाज के अंदर ऊँच नीच का भेदभाव मिटाने के लिये काम करेंगे । आदि काल के सर्व श्रेस्ट मेनेजमेंट गुरु भोलेनाथ अपने परिवार के अंदर निवास करने वाले विपरीत स्वभाव वाले प्राणी बिच्छू, बैल और सिंह, मयूर एवं सर्प और चूहा जैसे घोर विरोधी स्वभाव के प्राणियों के साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो हम विभिन्न धर्मों के अनुयायियों–हिदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, फ़ारसी, जैन, देश वासियों को साथ लेकर क्यों नहीं जीवन व्यापन कर सकते हैं? सही मायने में भगवान शिव की सच्ची पूजा आराधना तभी होगी जब हम उनकी शिक्षाओं को जीवन के अंदर धारण करके मिल जुल कर प्रेमपूर्वक एक परिवार की भातीं रहेंगें। **ॐ नम: शिवाय, ॐ नम: शिवाय,ॐ नम: शिवाय।**

भोलेनाथ जितने रहस्यमयी हैं उतनी ही उनकी वेश–भूषा भी अनूठी ही है इसी के साथ भोले शंकर से जुड़े तथ्य भी उतने ही विचित्र और अनोखे हैं। भोलेनाथ शिव जी श्मेंमाशन में निवास करते हैं, भोलेनाथ गले में नाग धारण करते हैं, भांग व धतूरा ग्रहण करते हैं। सनातन धर्मी फाल्गुन के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी यानी 8 मार्च 2024 को शिवरात्रि धूमधाम से मनाएंगे।

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को ही शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है? जनसाधारण के मन में सवाल उत्पन्न होता है कि क्यों फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है? धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक ऐसा माना जाता है कि सृष्टि की रचना इसी दिन हुई थी। मध्य रात्रि में भगवान शंकर का ब्रह्मा से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन चतुर्दशी की अर्द्धरात्रि में भगवान शंकर लिंग के रूप में अवतरित हुए। चतुर्दशी तिथि के महानिशीथ काल में महेश्वर के निराकार ब्रह्म स्वरूप प्रतीक शिवलिंग का अविभार्व होने से भी यह तिथि महाशिवरात्रि के नाम से जानी जाती है। इसी दिन, भगवान विष्णु व ब्रह्मा के समक्ष सबसे पहले शिव का अत्यंत प्रकाशवान स्वरूप प्रकट हुआ था । कहा जाता है कि शिवरात्रि के दिन भगवान शिव और आदिशक्ति का विवाह हुआ था। मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान कालकेतु विष निकला था। भगवान शिव ने संपूर्ण ब्रह्मांड की रक्षा के लिए स्वयं ही सारा विष पी लिया था। इससे उनका गला नीला पड़ गया और तभी से शिवजी को नीलकंठ के नाम से जाना जाता है। भोले नाथ को सांसारिक होते हुये भी श्मशान का निवासी बोला जाता है इसके पीछे भी लाइफ मैनेजमेंट का महत्वपूर्ण रहस्य छिपा है।

जानिये कैसे ? सच्चाई तो यही है कि संसार मोह–माया का प्रतीक है वहीं दुसरी तरफ श्मशान वैराग्य का प्रतीक है। प्रभु शिव कहते हैं कि आदमी को संसार में रहते हुए अपने कर्तव्य पूरे करने चाहिए वहीं साथ साथ मोह–माया से दूर भी रहना चाहिये। क्योंकि शरीर और संसार दोनों ही नाशवान है। एक न एक दिन यह सब कुछ नष्ट होने वाला है। इसलिए संसार में रहते हुए भी आदमी को किसी से मोह नहीं रखते हुए अपने कर्तव्य पूरे करने के साथ साथ एक बैरागी की तरह जीना चाहिये।

मन के अंदर सवाल उठता है कि शिवलिंग मंदिरों में बाहर क्यों होता है?

नि:संदेह भोले नाथ जन साधारण के देवता हैं, इसीलिए भोलेनाथ वहां रहते हैं जहाँ छोटे–बड़े, जवान–बुजुर्ग आसानी से पहुंच सके। इसी मान्यता के कारण शिवलिंग को मन्दिरों में बाहर ही स्थापित किया जाता है जिससे बच्चे, बूढे, जवान जो भी जाए शिवलिंग को छूकर, गले मिल कर या फिर भगवान् के पैरों में पड़कर अपना दुखड़ा सुना कर हल्के हो सकते हैं। इसी वजह से शिवजी अकेले ही वो देव हैं जो गर्भ गृह में भक्तों को दूर से ही दर्शन देते हैं। शिवजी को भोग लगाने और अर्पण करने के लिए कुछ भी नहीं हो तो भक्त उन्हें पत्ता, फूल, या अंजलि भर के भोले नाथ को खुश कर सकता और उनकी पूजा–अर्चना कर सकता है ।

आईये जाने भोलेनाथ शिवजी की पूजा–अर्चना में बेलपत्र और जल क्यों चढ़ाया जाता है ?

नि:संदेह बेलपत्र भगवान शिव को बेहद प्रिय है और इसलिए शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाए बिना शिव की पूजा को पूर्ण नहीं माना जाती है । बेलपत्र में तीन पत्तियां हैं जिसको लेकर कई तरह की धारणाएं विध्यमान हैं । बेलपत्र में तीन पत्तियां को त्रिदेव (सृजन, पालन और विनाश के देव ब्रह्मा, विष्णु और शिव) माना गया है तो कहीं सत्व, रज और तम गुण का परियाचक माना जाता है। ध्यान देने योग्य बात है कि कहीं बेलपत्र में तीन पतियों को तीन आदि ध्वनियां जिनकी सम्मिलित गूंज से ऊं बनता है का प्रतीक माना गया है। बेलपत्र की इन तीन पत्तियों को महादेव त्रिनेत्र और भोलेनाथ के हथियार त्रिशूल का भी प्रतीक माना जाता है। शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से एक पौराणिक कथा भी जुड़ी हुयी है । समुद्र मंथन के समय जब विष निकला तो भगवान महादेव ने पूरी सृष्टि को बचाने के लिए ही इस विष को पी कर अपने कंठ में धारण कर लिया जिसके के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और उनका पूरा शरीर अत्यधिक गर्म हो गया जिसकी वजह से आसपास का वातावरण भी जलने लग। जानने लायक बात है कि बेलपत्र विष के प्रभाव को कम करता है इसलिए सभी देवी–देवताओं ने बेलपत्र शिवजी को खिलाना शुरू कर दिया था । बेलपत्र के साथ साथ शिव को शीतल रखने के लिए उन पर जल भी अर्पित करने के पीछे रहस्य यह है कि बेलपत्र और जल के प्रभाव से भोलेनाथ के शरीर में उत्पन्न गर्मी शांत होने लगी और तभी से शिवजी पर जल और बेलपत्र चढ़ाने की प्रथा शुरू हो गई। शिवलिंग पर हमेशा तीन पत्तियों वाला ही अर्पित करना चाहिये एवं बेलपत्र चढ़ाते समय ॐ नम: शिवाय मंत्र का जाप करना जरूरी है ।

जानिये शिव को महादेव क्यों कहते हैं?

मनुष्य को बड़ा या महान बनने के लिए त्याग, तपस्या, धीरज, उदारता और सहनशीलता की आवश्यकता होती है। विष को अपने भीतर ही सहेज कर आश्रितों के लिए अमृत देने वाले होने से एवं विरोधों, विषमताओं के मध्य संतुलन रखते हुए अपने विशालकाय परिवार को एक बना रखने की शक्ति रखने वाले शिव ही महादेव हैं।

भांग–धतूरे को भगवान शिवजी पर क्यों चढ़ाया जाता है ?

भोले नाथ को आक,धतूरा, भांग आदि शिव को चढ़ाने की जो परिपाटी है, उसके पीछे यही तथ्य छिपा है कि प्रत्येक वस्तु और व्यक्ति के अंदर अच्छे–बुरे दोनों पहलू होते हैं, इन नशीले और विषाक्त पदार्थों को शिव को अर्पित करने का अर्थ हुआ उनके दूवारा शिव–शुभ (औषधीय गुण) को स्वीकार करना किन्तु उनकी अशुभ–व्यसन प्रवर्ती का त्याग कर देना। लाइफ मैनेजमेंट के अनुसार, भगवान शिव को भांग धतूरा चढ़ाने का अर्थ है अपनी बुराइयों को भगवान को समर्पित करना। यानी अगर आप किसी प्रकार का नशा करते हैं तो इसे भगवान को अर्पित करे दें और भविष्य में कभी भी नशीले पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लें। ऐसा करने से भगवान की कृपा आप पर बनी रहेगी और जीवन सुखमय होगा।

शिवजी केवल मृगछाल ही क्यों धारण करते हैं ?

निसंदेह समाज में वो ही व्यक्ति वंदनीय होता हैं जो अपरिग्रही हो जिसके जीवन संसार में शांति स्थापित करने के लिए हो । महावीर स्वामी से हजारों साल पहिले भोलेनाथ ने अपरिग्रही बनने का सन्देश देते हुए खुद के शरीर पर मात्र मृगछाल धारण किया क्योंकि केवल मृगछाल धारण करना अपरिग्रह का ही प्रतीक है। अपरिग्रही वो होता है जो आवश्यकता से अधिक मात्रा मे धन वस्तुओं का संग्रह नहीं करता है । परिग्रह एक प्रकार का पाप है, क्योंकि किसी वस्तु का परिग्रह करने का अर्थ हुआ कि दूसरों को उस वस्तु से वंचित करना । निसंदेह शिव सर्व समाज के सर्वमान्य देवता हैं । शिवरात्रि व्रत मनाने का अधिकार ब्राह्मण से लेकर चंडाल तक सभी को है। भोले बाबा के लिए सब एक समान हैं । भगवान शिव महायोगी भी कहलाते हैं, उन्होंने योग साधना के द्वारा अपने जीवन को पवित्र किया है, वे असीमित गुणों के अक्षय भंडार हैं।

देवों के देव महादेव का वाहन नंदी बैल क्यों ?

जहाँ बैल को खामोश एवं उत्तम चरित्र समर्पण भाव वाला बताया गया है, वहीं दूसरी तरफ बैल बल और शक्ति का भी प्रतीक है। बैल जब क्रोधित होता है तो सिंह से भी भिड़ लेता है। सुमेरियन, बेबीलोनिया, असीरि या और सिंधु घाटी की खुदाई में भी बैल की मूर्ति पाई गई संसार की लगभग सभी प्राचीन सभ्यताओं में बैल को महत्व दिया गया है । निसंदेह भारत में भी बैल खेती के लिए हल में जोते जाने वाला एक महत्वपूर्ण पशु रहा है। जिस तरह गायों में कामधेनु को श्रेष्ठ माना जाता है उसी प्रकार बैलों में नंदी श्रेष्ठ है। यही सभी कारण रहे हैं जिसके कारण भगवान शिव ने बैल को अपना वाहन बनाया। पौराणिक कथा अनुसार शिलाद ऋषि ने शिव की तपस्या के बाद नंदी को पुत्र रूप में पाया था। नंदी को उन्होंने वेद आदि समस्त ठान्थों का ज्ञान प्रदान किया। एक दिन शिलाद ऋषि के आश्रम में मित्र और वरुण नाम के दो दिव्य संत पधारे और नंदी ने पिता की आज्ञा से उनकी खुब सेवा की जब वे जाने लगे तो उन्होंने ऋषि को तो लंबी उम्र और खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया लेकिन नंदी को नहीं। तब शिलाद ऋषि ने उनसे पूछा कि उन्होंने नंदी को आशीर्वाद क्यों नहीं दिया? तब संतों ने कहा कि नंदी अल्पायु है। यह सुनकर शिलाद ऋषि चिंतित हो गए। पिता की चिंता को नंदी ने भांप कर पूछा क्या बात है तो पिता ने कहा कि तुम्हारी अल्पायु के बारे में संत कह गए हैं इसीलिए चिंतित हूं। यह सुनकर नंदी हंसने लगा और कहने लगा कि आपने मुझे भगवान शिव की कृपा से पाया है तो मेरी उम्र की रक्षा भी वहीं करेंगे आप क्यों नाहक चिंता करते हैं। इतना कहते ही नंदी भुवन नदी के किनारे शिव की तपस्या करने के लिए चले गए। कठोर तप के बाद शिवजी प्रकट हुए और कहा वरदान मांगों वत्स। तब नंदी के कहा कि मैं जिंदगी भर आपके ही सानिध्य में रहना चाहता हूं। नंदी के समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने नंदी को पहले अपने गले लगाया और उन्हें बैल का चेहरा देकर उसको अपने वाहन, अपना दोस्त, अपने गणों में सर्वोत्तम के रूप में स्वीकार कर लिया। शिवजी के परिवार में जब बिच्छू, बैल और सिंह, मयूर एवं सर्प और चूहा जैसे घोर विरोधी स्वभाव के प्राणी भी प्रेमपूर्वक साथ साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो क्यों नहीं हम हमारे समाज एवं देश में बिना किसी भेदभाव के गिरे हुओं को, पिछड़े हुओं को, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को साथ लेकर नहीं चल सकते हैं? यह भी सत्य कि कुछ धर्मांध स्वार्थी पथभ्रष्ट तथाकथित धार्मिक इन्सान मौका मिलने पर अपने निज स्वार्थ के खातिर समाज में सांप्रदायिक सद्‌भाव को नष्ट करने के अंदर शामिल हो जाते है। हम सभी आत्म चिंतन करें जब शिवजी के परिवार में विरोधी स्वभाव के प्राणी भी प्रेमपूर्वक साथ साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो क्यों नहीं हम हमारे समाज एवं देश में बिना किसी भेदभाव के गिरे हुओं को, पिछड़े हुओं को, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को साथ लेकर चल सकते हैं? यह भी सत्य कि कुछ धर्मांध स्वार्थी पथभ्रष्ट तथाकथित धार्मिक मनुष्य मौका मिलने पर अपने निज स्वार्थ के खातिर समाज में सांप्रदायिक सद्‌भाव को नष्ट करने के अंदर शामिल हो जाते है। शिव रात्री के पावन पर्व हम सभी सनातन धर्मी भारत वाशी संकल्प ले कि हम समाज के विभिन्न धर्मालंबी लोगों के साथ मिलजुल कर रहेंगे एक दुसरे का सम्मान करके प्रेम पूर्ण समंध बनायेगें । समाज के अंदर ऊँच नीच का भेदभाव मिटाने के लिये काम करेंगे ।

आदि काल के सर्व श्रेष्ट मेनेजमेंट गुरु भोलेनाथ अपने परिवार के अंदर निवास करने वाले विपरीत स्वभाव वाले प्राणी बिच्छू, बैल और सिंह, मयूर एवं सर्प और चूहा जैसे घोर विरोधी स्वभाव के प्राणियों के साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं तो हम विभिन्न धर्मों के अनुयायियों हिदू मुसलमान सिख ईसाई फ़ारसी जैन देश वासियों को साथ लेकर क्यों नहीं जीवन व्यापन कर सकते हैं? सही मायने में भगवान शिव की सच्ची पूजा आराधना तभी होगी जब हम उनकी शिक्षाओं को जीवन के अंदर धारण करके मिल जुल कर प्रेमपूर्वक एक परिवार की भातीं रहगें। ॐ नम: शिवाय, ॐ नम: शिवाय,ॐ नम: शिवाय।

**डा. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# किस दिशा में जा रही है भाजपा?



रामगोपाल जाट

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में पीढ़ी बदलाव के बाद से भाजपा बड़े बदलावों की तरफ बढ़ रही है। गुजरात से राज्यसभा जाने वाले पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का इस्तीफा और भूपेंद्र यादव को राजस्थान से लोकसभा का टिकट देना कुछ अलग तरह के संकेत दे रहा है। पार्टी में विपक्ष से आने वालों का मेला सा लग गया है। भले ही गृहमंत्री अमित शाह ने कहा हो कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी अपने साथ जोड़ना है, किंतु हकीकत यह है कि केवल नेता ही पाला बदल रहे हैं। नेता भी वो हैं जो बरसों से भ्रष्टाचार कर रहे थे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन करने वाला कोई नेता ऐसा नहीं है, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हों। किंतु भाजपा उनको माला पहनाकर सबसे पहले अंगीकार कर रही है। समझ नहीं आ रहा है कि भाजपा को भाजपा ही रखना है या इसका कांग्रेसीकरण कर देना है। टॉप टू की पोजीशन भाजपा के लिए बरगद के वृक्ष की भांति बन गई है, जिनके आगे सभी नेता बौने साबित हो रहे हैं। बाकी सभी नेताओं के लिए ऊपर से जो संदेश मिलता है, उसकी पालना ही एकमात्र ध्येय नजर आ रहा है।

राजस्थान में 15 की सूची में 7 नये आए हैं, जिनमें अलवर सीट रिक्त थी। बाकी सीटों पर टिकट बदलकर पार्टी ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि जो सक्रिय नहीं होगा, जिसको जनता नकार देगी या जो पार्टी लाइन से हटकर बात करेगा, उसको घर बिठा दिया जाएगा। यह बात और है कि चूरू वाला मामला विवादास्पद हो गया है, जहां असल लड़ाई राजेंद्र राठौड़ और राहुल कस्वां के वर्चस्व की दिखाई दे रही है। पहले राठौड़ हारे और अब टिकट की रेस में राहुल हार गए। हालांकि, वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार इस टिकट बदलाव के बाद भी भाजपा को नुकसान होने की संभावना बेहद कम है, किंतु फिर भी पार्टी को दूरगामी परिणाम के हिसाब से निर्णय लेना चाहिए था। दो जनों की लड़ाई में एक को शहीद करने के बजाए दोनों में सुलह भी करवाई जा सकती थी, किंतु भाजपा की सोच कुछ और रही होगी।

अब 10 टिकट बकाया हैं। आरएलपी से गठबंधन की संभावना समाप्त हो चुकी हैं। राजेंद्र राठौड़ के अलावा पार्टी के सबसे कर्मठ नेताओं में एक डॉ. सतीश पूनियां को भी लोकसभा टिकट का इंतजार है, तो जयपुर शहर से अरुण चतुर्वेदी की संभावना सर्वाधिक दिखाई दे रही हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि रामचरण बोहरा की दोनों जीत 100 प्रतिशत मोदी की जीत थीं, लेकिन पार्टी ऐसे नेताओं का बोझ क्यों उठाए, जो 10 साल बाद भी अपना जनाधार नहीं बना पा रहे हों। अगली सूची में अजमेर, जयपुर ग्रामीण और राजसमंद के अलावा झुंझुनू सीट काफी अहम है। इन सीटों के किरदार अगली सरकार में मंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। राठौड़ अपना आखिरी कार्यकाल तलाश रहे हैं, तो डॉ. सतीश पूनियां को अपनी दूसरी पारी शुरू होने का इंतजार है। इन दोनों के अलावा रामलाल शर्मा पर भी पार्टी का फोकस है। ऐसे में बाकी टिकटों पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

राजस्थान में भाजपा ने पीढ़ी बदली तो सही, किंतु गहलोत सरकार की ब्यूरोक्रेसी हावी होने की चर्चे शुभ संकेत नहीं हैं। कम से कम टॉप पॉजिशन पर रहे अधिकारियों को तो दूर ही रखना चाहिए। कुछ अधिकारी काले अंठोज ही हैं। उनको जनता और सरकारों से कोई मतलब नहीं है। उनका रंग सांवला है, बाकी बर्ताव बिलकुल अंग्रेजों जैसा ही है। सरकार को सरकार बदलने का अहसास जनता को कराना होगा। भजनलाल शर्मा के रूप में अच्छा निर्णय लिया गया था, लेकिन अपने कार्यों के द्वारा अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से करनी होगी। गहलोत सरकार के जिन अधिकारियों को प्राइम पोस्ट दी गई हैं, उनको तुरंत हटाना चाहिए, जनता में संदेश विपरीत जा रहा है। यदि एक बार जनता ने मन बना लिया तो अगले चार साल में इस मन को बदलना लगभग नामुमकिन हो जाएगा।

सामान्य परिवार से निकले भजनलाल शर्मा जिस तरह से लोगों से मिलते हैं, उनकी बातें सुनते हैं और समाधान का प्रयास कर रहे हैं, ये भाजपा के लिए शुभ संकेत हैं। मगर जब तक अधिकारियों का रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सीएम के अच्छे व्यवहार से कुछ नहीं होने वाला है। जनता यह तो समझ रही है कि सीएम उनके जैसा ही है, किंतु जब तक अधिकारी सीएम की तरह काम नहीं करेंगे, तब तक सरकार का चेहरा दिखाई नहीं देगा। पेपर लीक वाले मामले की तरह ही दूसरे अपराधों पर भी कड़ा रुख अपनाना होगा। प्रत्येक शहर में यातायात जाम की विकराल समस्या से मुक्ति के लिए स्थाई समाधान निकालना होगा। सरकार को आज से ही पांच साल आगे की तैयारी करना होगी, अन्यथा आखिरी छह महीने में गहलोत द्वारा अरबों रुपये लुटाने के बाद भी नैरेटिव नहीं बदल पाने की समस्या भाजपा के सामने भी खड़ी हो जाएगी।

**रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## दीपक साहू 450 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर खाटूधाम के लिए निकला

**उदयपुर, (कासं)।** खाटूधाम मे वार्षिक लक्खी मेले का समय नजदीक आ रहा है,वैसे वैसे श्याम भक्तो मे उत्साह उमंग बढ ता जा रहा है। उदयपुर के भुवाणा निवासी दीपक साहू बुधवार को प्रात:अपनी लम्बाई से बडा बाबा के निशान (ध्वजा) की पूजा अर्चना कर जय श्रीश्याम के उद्घोष के साथ 450 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर खाटूधाम के लिए अकेला ही निकल पडा। इससे

■ **जुलाई 23 में भी उदयपुर से खाटूधाम पैदल निशान यात्रा कर चुका है दीपक साहू**

पूर्व गत जुलाई 23 में भी उदयपुर से खाटूधाम पैदल निशान यात्रा कर चुका है,जो मात्र 10 दिन मे पूरी कर श्याम दरबार मे पहुंचा। इसी प्रकार सितम्बर माह मे रींगस से खाटूधाम तक 18 किलोमीटर पेट के बल लेटकर कठिनतम यात्रा कर चुका है। इन धार्मिक यात्रा के बारे मे दीपक बताते हैकि एक अदृश्य शक्ति प्रेरणा देती है तो एसा लगता है श्री श्याम बाबा हाथ पकडकर चला रहे हो। इस अवसर पर उदयपुर के अनेक श्याम भक्तो ने जय श्रीश्याम उद्घोष के साथ दीपक को विदा किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 7 मार्च, 2024**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दिन 1:03 तक, वारियान योग प्रात: 8:23 तक, कौलव करण दिन 2:27 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मकर, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मेष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज विजया एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज बुध मीन राशि में प्रात: 9:35 पर प्रवेश करेगा, शुक्र कुम्भ राशि में प्रात: 10:43 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:16 तक, चर 11:11 से 12:38 तक, लाभ–अमृत 12:38 से 3:33 तक, शुभ 5:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:48, सूर्यास्त 6:27



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।




**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। मानसिक तनाव विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**तुला**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**मीन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।




श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रदेश की खनिज संपदा का बेहतर प्रबंधन

प्रधान खनिज लाइमस्टोन, बेसमेटल, आयरन व अन्य खनिज के **83 ब्लॉक्स** की ई-नीलामी जारी

सोने के **2 ब्लॉक्स** की माइनिंग लीज व कंपोजिट लाइसेंस के लिए पहली बार ई-नीलामी शुरू

अप्रधान खनिज के **506 हैक्टेयर** क्षेत्रों का चिन्हीकरण

अप्रधान खनिज के **339 प्लॉटों, 101 रॉयल्टी** वसूली ठेकों की नीलामी जारी

फर्टिलाइजर उद्योगों को **3.95 लाख** मीट्रिक टन कच्चा फॉस्फेट वितरण

बजरी की किल्लत दूर करने के लिए **200 लाख** मीट्रिक टन एम सेण्ड एवं एग्रीगेट का उत्पादन

सीमेंट व पीओपी उद्योग हेतु **1.80 लाख** मीट्रिक टन जिप्सम का उत्पादन

औद्योगिक बिजली के लिए लिग्नाइट का **3.10 लाख** मीट्रिक टन उत्पादन

## देश में पहली बार 3 खनिज ब्लॉक्स के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए ई-नीलामी

## इन निर्णयों से ₹ 8000 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य

# अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम

विशेष अभियान में अवैध खनन / निर्गमन / भण्डारण के **2643** प्रकरण दर्ज

कुल **1.84 लाख** टन खनिज जब्त

**564** एफआईआर दर्ज एवं गिरफ़्तारियां

पेनल्टी वसूली के साथ-साथ मशीन व वाहन जब्त

"राजस्थान में खनिज संपदा के अपार भंडार मौजूद है। हमारा प्रयास है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना इस संपदा का राष्ट्र एवं राज्य हित में समुचित उपयोग हो। इस दिशा में हमारी सरकार नई सोच, नई तकनीक और नवाचारों के साथ आगे बढ़ेगी।"

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान सरकार

आपणो अग्रणी राजस्थान

# 102 किलो अवैध डोडा-पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार



सांचोर पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

**सांचौर,** (निसं)। जिले के पुलिस थाना बागोडा हरिशंकर, पुलिस अधीक्षक जिला सांचौर के निर्देशानुसार जिले में सौ दिवसीय कार्य-योजना के क्रियान्वयन के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सांचोर पुलिस ने 102 किलो अवैध डोडा पोस्त व उपयोग में लाई गई गाडी सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार जस्साराम बोस, अति. पुलिस अधीक्षक, सांचौर व पुष्पेन्द्र वर्मा पुलिस उप अधीक्षक, वृत रानीवाडा के निकट सुपरविजन में अरूण कुमार, निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना बागोडा मय जाब्ता द्वारा दौराने गश्त व नाकाबंदी नरसाणा फांटा पर भीनमाल की तरफ से आ रही सफेद स्वीफ्ट कार के चालक को रूकने का ईशारा किया, मगर कार चालक नाकाबंदी तोडकर कार भगाने लगा। जिसके पीछे की तरफ नम्बर प्लेट लगी हुई थी, जिसका थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा जरिये प्राईवेट वाहन से पीछा किया गया। उक्त कार चालक द्वारा अपने वाहन को नरसाणा से डुंगरवा, मेडा होते हुए भालनी में भालनी-जूनी बाली रोड पर भगाते हुए उक्त रोड़ पर पड़ी बजरी के ढेर के उपर से गुजरते हुए सड़क किनारे खे त की तारबंदी में गिरने व वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुलजिम अशोक कुमार पुत्र लाधुराम निवासी खीचडों का वास, बाण्ड पुलिस थाना गुडामालानी जिला बाडमेर को दस्तयाब कर उसके कब्जे से उक्त स्वीफ्ट कार में भरे हुए कुल 102 कि.ग्रा. अवैध डोडा पोस्त व परिवहन में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार को बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

**सिरोही से रोडवेज बस में अवैध गांजा ला रहा युवक जोधपुर में पकड़ा :-** शहर की रातानाडा पुलिस ने सर्किट हाउस रोड पर ऑन द रॉक्स होटल के सामने एक रोडवेज बस को रूकवाकर उसमें सवार युवक से पांच किलो से ज्यादा अवैध गांजा बरामद किया है। युवक यह गांजा जोधपुर लेकर आ रहा था और पावटा में किसी को सप्लाई किया जाना था। वह यह गांजा सुमेरपुर से लेकर आया था। पुलिस ने एक अन्य युवक को नामजद कर अब उसकी तलाश आरंभ की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि रात को मुखबिरी सूचना मिली कि सिरोही से जोधपुर की तरफ से आ रही एक रोडवेज बस में सवार यात्री अवैध रूप से गांजा लेकर जोधपुर आ रहा है। बस आबू रोड आगार की है। इस पर पुलिस की तरफ से नाकाबंदी करवाई गई। रात को सिर्किट हाउस रोड पर ऑन द रॉक्स होटल के सामने आबू रोड आगार डिपो की बस को रूकवाकर बस में सवार संदिज्ध युवक के पास रखी कपड़े की थैली को चैक किया गया तो उसमें अवैध रूप से गांजा मिला। वजन करने पर यह 5.140 किलोग्राम होना पाया गया। इस पर जालोर जिले के रामसीन निवासी सौरभ मिश्रा पुत्र शिवशंकर को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए आरोपी सौरभ मिश्रा ने पुलिस को आरंभिक पूछताछ में बताया कि वह यह गांजा सुमेरपुर से मोंटू उर्फ रितिक रावल से लेकर आया है जोकि पढ़ाई करता है। उसने पार्सल का बताकर उसे जोधपुर ले जाने को कहा और पावटा में किसी व्यक्ति के आने पर देने को कहा था। रातानाडा पुलिस अब मोंटू उर्फ रितिक रावल नाम के शख्स की भी तलाश में जुटी है।

# 800 सौ नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के औषधि नियंत्रण विभाग एवं पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कार को पकड़ा। कार की तलाशी लिए जाने पर उसमें 8 सौ नशीली टेबलेट बरामद की गई।

इस बारे में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाया और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसमें बड़े स्तर पर नशीली दवाइयों के कारोबार का पता लगने की संभावना है। आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लिया गया है। जिससे गहन पड़ताल की जा रही है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि औषधि नियंत्रण अधिकारी पंकज गहलोत एवं आशिष दत्त गज्जा द्वारा पाल बालाजी मंदिर के निकट मंगलदीप टावर के पास में एक कार को रूकवाया।

कार की तलाशी लिए जाने पर उसमें प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। तब पुलिस की एक टीम थानाधिकारी नितिन दवे, एसआई फगलूराम, शैतान चौधरी, हैडकांस्टेबल प्रहलाद कुमार, कांस्टेबल अशोक, प्रेम एवं बाबूलाल की गठित कर वहां पहुंची।

थानाधिकारी दवे ने बताया कि कार में सवार युवक ने अपना नाम संजय त्यागी पुत्र श्योराज सिंह होना बताया। कार में उसके पास से 80 स्ट्रीप यानी टेबलेट नशीली दवाइयों की मिली। इस पर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी दवे ने बताया कि वह यह टेबलेट कहां से लाया और किसे सप्लाई करने जा रहा था, इस बारे में पूछताछ की जा रही है। किसी बड़े रैकेट का भी पता लगने की संभावना है।

# सांचौर पुलिस ने 4 वाहन जब्त किए

**सांचोर,** (निसं)। एसपी सांचोर हरी शंकर, एएसपी जस्साराम बोस के निर्देशानुसार मांगीलाल राठौड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वृताधिकारी वृत सांचोर के सुपरविजन में राज्य सरकार की सौ दिवसीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत् एवं अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व संदिग्ध वाहनों की धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों को धारा 38 पुलिस एक्ट के तहत लावारिस अवस्था में जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एएसआई जाकाराम मय जाब्ता के द्वारा माखुपुरा रिको एरिया मे एक बाडे में दबिश देकर तलाशी ली गई जहां पर अलग- अलग कुल 4 वाहन लावारिस अवस्था मे खडे होना पाया गया। जिनके सम्बध मे कोई दस्तावेज नही होने पर धारा 38 पुलिस एक्ट के तहत जब्त किये गये। बाडे मे संदिग्ध अवस्था मे खडे एक व्यक्ति कमलेश उर्फ कंवराराम पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी मुकने का तला दुधु पीएस धोरिमन्ना जिला बाडमेर को गिरफतार किया गया। जब्त वाहनों के सम्बध में जांच जारी है। शराब का फेरा लगाकर दिन को खडी रखते है। बिना नंबर की काले शीशे वाली गाडी केवल रात को गुजरात से शराब में फेरा लगाकर तस्कर दिन को यहां पर खडी करके सो जाते हैं। वही रात में इस गाड़ियों से फेर लगवाते थे। बिना नंबरी काले शीशे के वहां लगातार करवा रीको एरिया में बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर छुपा के रखे जाते थे। जिससे पुलिस की नजर ना पड़े।

# पिता सहित 11 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज

■ ससुराल पक्ष ने पत्नी का 50 लाख का प्लॉट फर्जी कागजात बनाकर बेचा

**पाली,** (निसं.)। पाली के कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या का मामला उसी के पिता समेत 11 लोगों के खिलाफ दर्ज कराया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पत्नी का 50 लाख का प्लॉट फर्जी कागजात बनाकर बेच दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाल किशोर सिंह ने बताया कि पाली जिले के बिलावास (सोजत) हाल बापू नगर विस्तार निवासी प्रकाशचंद प्रजापत पुत्र फाऊलाल प्रजापत ने रिपोर्ट कोर्ट के जरिए दर्ज कराई। जिसमें पत्नी की हत्या का आरोप पिता(ससुर) समेत 11 जनों पर लगाया है। रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रैल 2002 को बापू नगर विस्तार निवासी गीता से उसका नाता विवाह हुआ था। शादी के बाद एक बेटीभीहुई। जिसकी उम्र 9 सालहै। रिपोर्ट में बताया कि वह बैंगलोर में हार्डवेयर की शॉप पर काम करता है। रिपोर्ट में बताया कि अगस्त 2008 में उसने और उसके भाइ ने बापू नगर विस्तार में अलग-अलग प्लॉट खरीदे। उसने रजिस्ट्री अपनी पत्नी के नाम करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि उस प्लॉट की रेट 50 लाख तक पहुंच गई तो आरोपियों के मन में लोभआ गया और वर्ष 2023 में उसकी पत्नी को ड़का करउसके खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करवा दिया। रिपोर्ट में बताया कि मुकदमा दर्ज कराने के बादभीउसकी अपनी पत्नी और बेटी से बातचीत होती रहती थी। एक बार उसकी पत्नी ने बताया कि उसके नाम से जो प्लॉट है, उसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। यह प्लॉट बेचने के लिए परिवार के लोग उस पर दबाव डाल रहे है। रिपोर्ट में बताया कि पत्नी के कहने पर वह उसे लेनेपालीआया, लेकिन उसके ससुराल के लोगों ने उसकी पत्नी को उसके साथ नहीं भेजा।23 जनवरी 2024 को उसके पास किशोर कुमार सांडिया का कॉल आया। जिसमें बताया कि उसकी पत्नी गीता की मौत हो गई है। वह पाली पहुंचा और अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। इस दौरान देखा कि गीता की बॉडी नीली पड़ी हुई थी। उसने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही, लेकिन उसके ससुराल वाले नहीं माने।

**पत्नी के नाम खरीदे प्लॉट को बेच हड़पे 50 लाख :** रिपोर्ट में आरोप है कि बापू नगर विस्तार में उसका जो प्लॉट था, उसके मूल कागजात उसके पास थे, लेकिन उसके बाद भी आरोपियों ने छल कपट कर फर्जी कागज बनाकर वह प्लॉट बेच दिया और करीब 50 लाख रुपए हड़प लिए। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को आरोपियों ने प्लॉट के लिए मार दिया। जिसकी जांच होनी चाहिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**इनके खिलाफ हुआ मामला दर्ज :** ससुर शंकरलाल पुत्र हुकमाराम, साली शोभादेवी पत्नी रमेश कुमार, साली पवन पत्नी सोहनलाल, साढू सोहनलाल प्रजापत बापू नगर विस्तार पाली साला किशोर कुमार प्रजापत सांडिया मामा ससुर वोराराम, राजूराम, ढगलाराम पुत्रभभूताराम, ससुराल वालों के परिचित नरेंद्र वैष्णव सुंदर नगर पाली, मुकेश नागर केशव नगर पाली, प्लॉट खरीददार जितेंद्र चौधरी जनता कॉलोनी पाली के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## मिट्टी ढही, दो भाइयों की मौत

**अनूपगढ़** (निस)। डिग्गी निर्माण के समय मिट्टी ढहने से पिता व दो पुत्र मिट्टी के ढेर में दब गए। इससे दोनों पुत्रों की मौत हो गई व पिता घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गांव 9 एमजीएम में कैटल शैड के तहत डिग्गी का निर्माण किया जा रहा था। अचानक मिट्टी ढहने दो भाई तेजाराम (36) व जगदीश (30) की मौत हो गई। उनके पिता बंशीधर गंभीर घायल हो गए। सरपंच की सूचना पर घड़साना पुलिस थानाधिकारी कलावती चौधरी, नायब तहसीलदार सुन्दरपाल व एएसआई राम सिंह सहित पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पिता व दोनों पुत्रों को घडसाना के राजकीय चिकित्सालय में ले गए। वहां दोनों भाइयों तेजाराम व जगदीश को मृत घोषित कर दिया। घायल बंशीधर ने बताया कि डिग्गी निर्माण के दौरान 14 फीट की गहराई में बेटे तेजाराम पर मिट्टी गिर गई उसे निकालने के लिए वह और उसका बेटा जगदीश नीचे गए।

## हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**राजगढ,** (निसं)। राजगढ -सिकंदरा-अलवर मेगा हाईवे पर राजगढ औद्योगिक क्षेत्र के समीप कार हादसे में महिला की मौत हो गई एवं कार में सवार दंपति गंभीर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। कांजी कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर आगरा रोड जयपुर निवासी कैलाश चंद शर्मा पत्नी सुमन शर्मा 42 वर्ष सहित परिजनों के साथ जयपुर से नयागांव राजगढ आ रहे थे। औद्योगिक क्षेत्र के समीप घटित कार हादसे में सुमन शर्मा 42 वर्ष पत्नी कैलाश चंद शर्मा ट्रांसपोर्ट नगर आगरा रोड जयपुर की मौके पर मौत हो गई। केशव अन्नु गंभीर घायल हो गए।

# तेज रफ्तार से आई कार ने टेम्पो को चपेट में लिया

## आठ यात्री घायल, एक घंटे तक लगा लम्बा जाम

■ घायलों को चिकित्सालय लाया गया, जिसमे कुछ गंभीर घायलों को भीलवाड़ा रैफर किया गया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल रेल्वे पुलिया पर भीलवाड़ा से आ रहे सवारी टेम्पो और मांडल की तरफ से आर ही कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे टेम्पो में सवार यात्री सुमन, पुष्पा, छगनी खटीक, निर्मला जोशी, राजेश शर्मा, घनश्याम वैष्णव व टेम्पो चालक इकबाल और कार में सवार भेरू सिंह घायल हो गया। टेम्पो में सवारियों के साथ सामान के कार्टन भी रखे हुए थे।

घायलों का उपजिला एवं जिला अस्पताल में उपचार जारी हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को मौके से हटवाया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सुचारू करवाया। दुर्घटना से पुलिया के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गईं। मोके पर पुलिस पहुची और दोनों वाहनों को अलग किया और टेम्पो में फसे लोगो को निकाला। घायलो को चिकित्सालय लाया गया जिसमे कुछ गंभीर घायलो को भीलवाड़ा रेफर किया गया। ज्ञातव्य है की इस रेलवे पुलिया पर विगत कुछ वर्षों में सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसमें करीब एक दर्जन लोग अपनी जान गंवा चुके है जबकि सैकड़ों लोग घायल हो चुके है और दुर्घटनाओं का कारण इसका तीन जगहों पर मोड़ लिया होना है। दर्जन भर शिकायतों के बाद भी विभाग के कानों में अब तक जूं नहीं रेंगी है जिस कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।



दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को मौके से हटवाया गया।

# अवैध बजरी से भरे तीन डंपर व स्कॉर्पियो जब्त

## चालक गिरफ्तार, करीब 100 टन बजरी जब्त



बरोनी थाने में जब्त अवैध बजरी भरे डम्पर व दो अन्य वाहन।

**निवाई,** (निसं)। बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे तीन डम्पर, एक लोडर व एक स्कॉर्पियो गाडी जब्त की है। पुलिस कार्यवाही के दौरान ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बरोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मासी नदी मनसाटीबा में अवैध बजरी खनन करने की जानकारी मिली थी। मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे जहां अवैध बजरी से भरे तीन डंपर, एक लोडर मशीन व एक स्कॉर्पियो गाडी मिली। पुलिस ने तीनों वाहनों को जप्त कर लिया। इस दौरान चालक राजूलाल को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि मौके से करीब 100 टन बजरी को भी जप्त किया गया है। तीनों वाहनों को बरोनी थाने में सुरक्षार्थ खडा कर दिया गया है। पुलिस ने एमएमआरडी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अधिकारी ने बताया कि अवैध बजरी खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना क्षेत्र की अलग-अलग टीमें गठित की जा चुकी हैं।

## विवाहिता से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (निसं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और प्रेग्नेंट होने पर छोड़कर फरार होने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से मामले में पूछताछ में जुटी हैं।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि 23 फरवरी 2024 को पीड़ित महिला ने थाने पर उपस्थित होकर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़िता ने आरोपी पदमचंद जाटव पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर प्रेग्नेंट करने का आरोप लगाया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए अंबेडकर नगर बाबूगढ़ निवासी पदमचंद जाटव पुत्र मोहनलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाने के कांस्टेबल करतार सिंह का अहम योगदान रहा।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने पीड़िता को शादी कर अपने साथ रखने का झांसा दिया। बाद में पीड़िता को उसके ससुराल से लेकर सूरत चला गया जहां पर करीब 3 महीने तक अपने पास रखा। 8 फरवरी को आरोपी पीड़िता को सूरत से अजमेर लेकर आया और अपने परिचित के मकान में रखा जहां उसके साथ रेप किया।


**कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/निर्माण/2023-24/9019-25 दिनांक :- 27.02.2024

**निविदा सुचना सं0 13/वर्ष 2023-24**

नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा विभिन्न अभियांत्रिकी विभागों तथा नगर परिषद चित्तौड़गढ़ में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से 01 कार्य हेतु कुल राशि 1500000/- रूपये की निविदाए आमंत्रित की जाती हैं। जोकि दिनांक 28.02.2024 सुबह 11.00 बजे प्रकाषन की जाकर दिनांक 09.03.2024 को दोपहर 6.00 बजे तक ऑलाईन पोर्टल निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। निर्माण कार्यो की विस्तृत जानकारी वेब पोर्टल http://eproc.rajsthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। जिनके UBN नं0 निम्नानुसार हैं । UBN No. 1. DLB2324WSOB34099

राज.संवाद/सी/23/14324 आयुक्त नगर परिषद चित्तौड़गढ़

**Bikaner Municipal Corporation**

Nagar Nigam Marg, Bikaner (Raj), Contact No. :- 0151-2226902, 0151-2226905

S.No/Garage/2023/305 Date :- 29-02-2024

**Notice Inviting Bid**

**NIT No 11**

Bikaner Municipal Corporation (BMC), Bikaner invites unconditional online e-bid from the eligible experienced bidders for Supply and delivery of one sky lift as per criteria mentioned in the bid document. Complete bid document is available on the website eproc.rajasthan.gov.in, www.bikanermc.org and http://sppp.rajasthan.gov.in for download.

Tender Cost : - 27.50 Lacs

UBN Number :- DLB2324GLOB35115

Raj.Samwad/C/23/14378 Commissioner

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION HINDAUN CITY**

e-mail - XENPHEDHND@YAHOO.IN

**Notice Inviting Bid**

Bids for various work in PHED division Hindaun city is invited from interested bidder. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal sppp.rajasthan.gov.in of the state and department website NIB CODE No.- PHE2324A5872

| NIT NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 33/2023-24 | PHE2324 WSOB 13954 |
| 34/2023-24 | PHE2324 WSOB 13956 |
| 35/2023-24 | PHE2324 WSOB 13957 |

| S.NO | Total work | |
|---|---|---|
| 01 | Total Estimated cost | 26.00 Lacs |
| 02 | Tender submission Start date | 06.03.24 up to 6.00 pm |
| 03 | Tender submission end date | 12.03 .24 up to 06.00 PM |
| 04 | Tender opening date | 13.03..24 at 11.00 AM |

DIPR/C/1907/2024 Executive Engineer Public health Engineering Department Division Hindaun City

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन- 0151-2201142 emsil-eemhbikaaer@ymail.com

क्रमांक-EEM&H/BKN/2023-24/3919 दिनांक-26.02.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-31/2324**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर एवं श्रीगंगानगर में कुल रू. 125.12 लाख के 04 कार्यों हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त सिविल श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त सिविल श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dironline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN-1. NRH2324WSOB02475, 2. NRH2324WSOB02476 3. NRH2324WSOB02477, 4. NRH2324WSOB02478

DIPR/C/2274/2024 अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीकानेर

**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**

Email ID - eepheddn1bkn@gmail.com, Contact No. 0151-2941473

No. 4305-28 Date: 01-03-24

**Notice Inviting Bid: 105-111/2023-24**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 08.03.2024 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 436.00 Lacs. UBN No. PHE2324WSRC14325, PHE2324WSRC14328, PHE2324WSRC14329, PHE2324WSRC14331, PHE2324WSRC14332, PHE2324WSRC14333, PHE2324WSRC14335

*जल सीमित हैं, इसकी बचत करें।*

DIPR/C/2067/2024 Executive Engineer PHED, Distt (R) Div I Bikaner

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रधानाचार्य, सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर**

मेडिकल कॉलेज रोड, बीकानेर 334001 फोन-0151-2226300 rincipal.smc.bknr@rajasthan.gov.in

क्रमांक-प.(क्रयअनुभाग)/सपआम/2023-24/998 दिनांक- 01.03.2024

**अल्पकालीन ई-बोली संख्या 06 (2023-2024)**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा R.T.P. Act 2012 तथा R.T.P.P. Rules 2013 के तहत सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के रेडियोलॉजी विभाग की आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के उपकरण व कार्यालय उपयोग हेतु विभिन्न सामग्री उपापन हेतु अल्पकालीन खुली प्रतियोगिता ई-बोली (द्वि भाग बोली) तकनीकी एवं वित्तीय भाग के माध्यम से (Qty. as per Bid Document) आमंत्रण सूचना जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक बोलीदाता द्वारा ई-प्रोक के माध्यम से दिनांक 02.03.2024 से 11.03.2024 तक बिड डॉक्यूमेंट एवं अन्य दस्तावेज डाउनलोड कर ई-बोली के दस्तावेजों अनुसार ऑनलाईन अपलोड कर दिनांक 12.03.2024 को तकनीकी बोली खोलने हेतु ई-बोली में भाग ले सकते हैं।

बोली से संबंधित विस्तृत विवरण DIPR की वेबसाईट एवं sppp.rajasthan.gov.in and epproc.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय वेब साईट अथवा नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

| S.No. | UBN | S.No. | UBN |
|---|---|---|---|
| 01 | MCB2324GURC00266 | 02 | MCB2324GSRC00267 |
| 03 | MCB2324GSRC00268 | 04 | MCB2324GSRC00269 |
| 05 | MCB2324GSRC00270 | 06 | MCB2324GSRC00271 |
| 07 | MCB2324GSRC00272 | 08 | MCB2324GSRC00273 |
| 09 | MCB2324GSRC00274 | 10 | MCB2324GSRC00275 |
| 11 | MCB2324GSRC00276 | 12 | MCB2324GLRC00264 |
| 13 | MCB2324GLOB00265 | | |

DIPR/C/1921/2024 प्रधनाचार्य एवं नियंत्रक सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय पीबीएम एवं सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

**कार्यालय नगर पालिका सपोटरा, जिला - करौली**

क्रमांक :-2351-56 दिनांक :-28/02/24

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका सपोटरा की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई-प्रोक्यूमेट प्रकिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा से संम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निम्न (NIB CODE : DLB2324A9374) UBN No - DLB2324WSOB34766 पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/14316 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सपोटरा

**DIRECTOR WORKS (EO)**

**Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)**

क्रमांक : F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2023-24/1280 - 1290 दिनांक :- 28/02/2024

**निविदा सूचना संख्या 15 वर्ष 2023-2024**

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत सगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से ई- टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। UBN No.: VAU2324WLOB00126

राज.संवाद/सी/23/14284 भू-सम्पति अधिकारी

**राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर**

कमांक वी.सी.बी./लेखा/ कय/2023-24 /1633 दिनांक 2.3.2024

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना सं0 17 /2023-24**

इस महाविद्यालय में एक वर्ष तक की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था कार्य हेतु दो कवर (तकनीकी व वित्तीय बिड ) से ऑनलाईन अल्पकालीन ई निविदा आंमत्रित की जाती है, जिसमें DGP, Civil Defence & Home Guard, RPA/IGP(security) Rajasthan से मान्यता प्राप्त लाइसेन्सधारकों से डी.एस.सी. के माध्यम से दिनांक 02.03.2024 से 09.03.2024 को सुबह 11.45 बजे तक ऑनलाईन निविदा डाउनलोड /अपलोड कर सकते है। UBN No.VAU2324SLOB00134 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट http//sppp.raj.nic.in, विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है ।

Raj.Samwad/C/23/14370 अधिष्ठाता

**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर**

प्रधान कार्यालय हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर- 343001

email : headoffice@jalorebank.com/Website:jalorebank.com Contact No: 94614-40881

क्रमांक/जानासबैंक/9060 ॥ निविदा ॥ दिनांक: 06/03/2024

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. को वर्ष 2024-25 की स्टेशनरी मुद्रण हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनी (GST Firm) से निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मे/कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा मय विवरण सील बन्द लिफाफें में दिनांक 27.03.2024 सायं 4.00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें। विस्तृत विवरण, सामान्य नियम शर्ते, मुद्रण की मात्रा की सम्पूर्ण जानकारी बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/तकनीकी/2023-24/503 दिनांक :- 05/03/2024

**Corrigendum-I**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 44/2023-24 दिनांक 27/02/2024 में निविदा क्र.सं. 02 से 04 तक की दिनांक निम्न प्रकार संशोधित की जाती है।

| विवरण | पूर्व में दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|
| डाउनलोड करने की दिनांक | 28.02.2024 से 05.03.2024 सायं 6.00 बजे तक | 28.02.2024 से 11.03.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा अमानत राशि व अन्य राशि प्राप्त करने की दिनांक | 28.02.2024 से 05.03.2024 सायं 6.00 बजे तक | 28.02.2024 से 11.03.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 06.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे | 12.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

अन्य विवरण एवं शर्ते यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/23/14286 अधिशाषी अभियन्ता (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# 'देश की तीन करोड़ से अधिक महिलाओं की सालाना आमदनी एक लाख रु.करने का लक्ष्य'

## राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 बरसों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री हर घर शौचालय योजना, हर घर नल योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा पीएम आवास योजना जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के कारण देश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

शर्मा बुधवार को देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक करोड़ स्वयं सहायता समूहों से सम्पर्क स्थापित कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प से जोड़ने के लिए चलाया गया है। देश की करोड़ों महिलाओं के प्रयासों को पहचान और सम्मान देना इसका लक्ष्य है।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित किया।

राजस्थान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नारी शक्ति की धरती है। यहां की नारियों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। ये भूमि पन्नाधाय, हाड़ीरानी और कालीबाई जैसी वीरांगनाओं के बलिदान और मीराबाई की भक्ति के लिए जानी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं में कौशल विकास कर उनकी सालाना आमदनी एक लाख रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश की 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान में भी इस योजना पर तेज गति से कार्य चल रहा है। राज्य सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 11 लाख 24 हजार महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिनमें से 2.80 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पहल

- 'राज्य की 11 लाख से अधिक महिलाएं आगामी तीन वर्षों में बनेंगी लखपति दीदी'

पर संसद ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है। इसके प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा और उनकी लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ेगा तो देश सशक्त होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प पूरा होगा।

समापन समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, स्वायत शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद सी.पी. जोशी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौरसौम्या गुर्जर, जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पूरा देश मोदी के साथ एक परिवार के रूप में खड़ा है : डॉ. पूनिया

- 'विपक्ष कितना ही प्रोपेगेंडा करे, कितने ही अमर्यादित शब्द बोले, लेकिन नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है'

**जयपुर, (का.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व लोकसभा चुनाव में पूरे मिशन के लिए प्रतिबद्ध है, एनडीए को 400 सीटें, भाजपा को 370 सीटें और राजस्थान में भाजपा को 25 सीटें मिलें, इस बात के लिए पार्टी और कार्यकर्ता संकल्पित हैं। पार्टी धरातल पर निरंतर मजबूती की कवायद कर रही है, दूसरे लोग (कांग्रेस) जो नींद से जागते हैं और यहां भाजपा में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी का कोई कार्यकर्ता सोता नहीं है।

उन्होंने कहा कि पार्टी में जो उम्मीदवारों का चयन है वह देश में हर वर्ग को अलग-अलग तरीके से हर तबके को सम्मान देते हुए अच्छी सूची आई है और इसी तरीके से आगे भी कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेंगे, आगामी दिनों में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने के बाद शेष नामों की घोषणा कर दी जाएगी। पूरा देश मोदी का परिवार है, मीडिया के इस सवाल के जवाब में डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि, 2014 में जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ है, तभी से कांग्रेस के पेट में लगातार दर्द हुआ है, क्योंकि इन विपक्ष के लोगों को सत्ता से बाहर नहीं रहने की आदत नहीं है, इनकी सत्ता की मलाई पर नरेंद्र मोदी ने पूरी तरीके से पाबंदी लगा दी है। ऐसे में कांग्रेस के पेट में दर्द होना स्वाभाविक था, लेकिन जिस तरीके के हल्के शब्दों का इस्तेमाल हुआ, प्रधानमंत्री पद की मर्यादा के खिलाफ जो कहा गया, वह चाहे लालू यादव कहे या कांग्रेस का कोई नेता कहे, देश की जनता इस तरीके की अमर्यादित भाषा को स्वीकार नहीं करती। यही कारण है कि विपक्षी लोगों ने जिस तरीके से हल्के शब्दों में प्रधानमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की, उससे देश की जनता में रोष है और भारत की जनता एवं भाजपा का पूरा परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एकजुटता के साथ खड़ा हुआ है और जो भावनात्मक संदेश दिया है उसने नरेंद्र मोदी को और ज्यादा लोकप्रिय एवं ताकतवर बनाया है। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से विकास की मजबूती से बुनियाद रखकर देश में बदलाव का काम किया है और भारत का नाम पूरी दुनिया में किया, आज मोदी देश की जरूरत हैं। विपक्ष कितना ही प्रोपेगेंडा करे, कितना ही उनका विरोध करे, जितने अमर्यादित शब्द बोले, लेकिन मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, उनको ताकत मिलती जा रही है। नरेंद्र मोदी इस समय देश की जरूरत हैं और पूरा 140 करोड़ का देश मोदी के साथ एक परिवार के रूप में खड़ा है, उनके इमोशन के साथ खड़ा है, उनके विजन के साथ खड़ा है।

## 'विद्याधर नगर की समस्याओं का जल्द निराकरण किया जायेगा'

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी समस्या नहीं रहेगी। सभी समस्याओं का जल्द ही निराकरण कर दिया जाएगा। डबल इंजन की सरकार राजस्थान में विकास कार्यों को गति प्रदान करती जा रही है राजस्थान में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी।

विजय बाड़ी पथ नं 7 में पानी की सबसे बड़ी समस्या दूर करने के लिए हरि ओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल और वॉर्ड नं 25 पार्षद सुरेश जांगिड ने भगवा दुपट्टा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का सम्मान किया। स्थानीय निवासी पंकज गोयल ने बताया कि विजयबाडी पथ नं 7 में पिछले 10 सालों से पानी की विकट समस्या हो रही थी काफी बार अधिकारियो को ज्ञापन देने के बाद भी पथ नं 7 के हजारों लोग पानी की विकट परिस्थितियों से गुजरने को मजबूर रहते थे। कॉलोनी वासी पानी के टैंकरों से प्यास बुझाने को मजबूर रहते थे। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियो को पथ नंबर 7 की पानी की समस्या दूर करने का निर्देश दिया। जलदाय विभाग के एक्सईएन सुरेश शर्मा और एईएन ऊषा चौधरी ने ढेर के बालाजी पानी टंकी से पथ नंबर 7 की पानी की लाइनें जुड़वा दी।

## जयपुर में स्थापित होगी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की राज्य शाखा

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह के प्रयासों से राजस्थान में रोग निदान के लिए अब राष्ट्रीय स्तर की जांच सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) नई दिल्ली की राज्य शाखा जयपुर में स्थापित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण पहल को लेकर बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के शासन सचिवालय स्थित कक्ष में भारत सरकार के साथ एमओयू किया गया।

भारत सरकार की ओर से प्रोफेसर डॉ. अतुल गोयल, महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राज्य सरकार की ओर से शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

एमओयू के अनुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनीपार्क में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की राज्य शाखा का निर्माण होगा। इसके एक तल पर मेट्रो पोलिटिन सर्विलेंस यूनिट तथा एक तल पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की भी स्थापना कर संचालन किया जाएगा। मेट्रो पोलिटिन सर्विलेंस यूनिट जयपुर शहर में संक्रामक रोगों के बचाव एवं नियंत्रण के लिए विशेष संस्था के रूप में कार्य करेगी। एनसीडीसी की राज्य शाखा के निर्माण कार्य एवं संचालन के लिये मानव संसाधन, उपकरण आदि समस्त व्यवस्थाएं भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से उपलब्ध होगी। शाखा की स्थापना के लिए भूमि राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि संक्रामक रोग नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह केन्द्र सर्विलेंस, जांच, डेटा एनालिसिस, फीडबैक, आउटब्रेक इन्वेस्टिगेशन, प्रशिक्षण आदि के माध्यम से संक्रामक रोग से बचाव व नियंत्रण करता है।

## जोधपुर और बाड़मेर में सीबीआई के छापे

**जयपुर।** सीबीआई ने मनी लॉड्रिंग के मामले में जोधपुर, बाड़मेर में एक साथ कार्रवाई करते हुए सर्च अभियान चलाया। सीबीआई के सौ से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार जोधपुर शहर से 14 किलोमीटर दूर ओटीसी रिसोर्ट में सीबीआई की टीम पिछले दो दिनों से डेरा डाले हुईहै। टीम लोहावट, ओसियां और फलौदी व जोधपुर में विभिन्न ठिकानों में पड़ताल साथ ही दो बैंकों में वित्तीय लेनदेन को लेकर खातों की भी जांच की जा रही है। सीबीआई टीम ने आज बाड़मेर के चौहटन के शोभाला दर्शान गांव में दबिश दी। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लेने की खबर है। सूत्रों के अनुसार आरबीआई द्वारा सूचना देने के बाद सीबीआई की टीमों की हरकत में आने की चर्चा है।सीबीआई की टीम में दिल्ली और हरियाणा की गाड़ियां शामिल है। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगने के साथ ही इनकी सूचना दिल्ली मुख्यालय में दी जा रही है।

## चुनावी बांड मामले में कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**जयपुर, (का.प्र.)।** चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से एसबीआई को 6 मार्च तक जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश के बावजूद सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई की ओर से जून तक समय मांगने के विरोध में कांग्रेस एसबीआई की शाखाओं पर प्रदर्शन करेगी। जयपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आर तिवारी ने बताया कि एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बॉन्ड मामले में जानकारी सार्वजनिक नहीं करके भाजपा की ओर से किए गए।

# दो सीटों पर गठबंधन का फैसला होने पर होगा कांग्रेस उम्मीदवारों का ऐलान

- वागड़ में बाप और नागौर में आरएलपी से गठबंधन की चर्चा अंतिम दौर में
- कांग्रेस कुछ सीटों पर वर्तमान विधायकों को मैदान में उतारेगी

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों को लेकर कांग्रेस में उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है और कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठकों के बाद में महत्वपूर्ण बात यह निकलकर आई है कि राजस्थान की 25 में से 23 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे रही है। वहीं दो सीटों पर अभी चर्चा गठबंधन को लेकर हो रही है। इनमें से बांसवाड़ा-डूंगरपुर पर बाप और नागौर सीट पर हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के साथ में गठबंधन की चर्चा की जा रही है। अब गठबंधन के बाद में कांग्रेस खुद का उम्मीदवार उतारती है या गठबंधन करने वाले दलों को यह सीट देती है, इस पर अंतिम फैसला होना है।

दरअसल राजस्थान में 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन इस बार कांग्रेस हर संभव प्रयास कर रही है कि न सिर्फ राजस्थान में लोकसभा में खाता खुले, बल्कि 5 से 7 सीटें ऐसी है जिन पर पार्टी खुद को मजबूत मानते हुए जीत की उम्मीद लगा रही है। ऐसे में नागौर और बांसवाड़ा- डूंगरपुर सीटों पर छोटे दलों के साथ गठबंधन करके पार्टी इन दो सीटों पर भी खुद को मजबूत बनाना चाह रही है। वहीं कुछ भाजपा के नेताओं के साथ में कांग्रेस नेताओं का संपर्क हुआ है, लेकिन अभी इस बात का खुलासा पार्टी नहीं करना चाहती। पार्टी नेताओं का कहना है कि रणनीति के तहत भाजपा के इन नेताओं को अंतिम समय पर पार्टी में शामिल करके भाजपा को चौंकाने का काम करेंगे।

दरअसल राजस्थान में कांग्रेस श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, टोंक-सवाई माधोपुर, करौली-धौलपुर, कोटा, नागौर और बाड़मेर में खुद की स्थिति को भाजपा के मुकाबले मजबूत मान रही है। वही जोधपुर और पाली में भी पार्टी किसी नए चेहरों को उतारकर भाजपा को टक्कर देने के बारे में सोच रही है। कांग्रेस 4 से 5 विधायकों को भी लोकसभा का चुनाव लड़ने के बारे में सोच रही है।

जहां तक गठबंधन की बात है तो आरएलपी के हनुमान बेनीवाल के साथ गठबंधन करके पार्टी नागौर और बाड़मेर सीटों पर वोटों के बंटवारे को रोकना चाहती है, क्योंकि इन दोनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों पर हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के उम्मीदवारों को अच्छी संख्या में वोट हासिल हुए थे। अब यदि यह वोट कांग्रेस के पाले में आ जाते हैं, तो इन सीटों पर कांग्रेस को मजबूती मिल सकती है। हालांकि गठबंधन में नागौर सीट हनुमान बेनीवाल को दी जाएगी या फिर पार्टी उनका सहयोग ही हासिल करेगी। इस बारे में अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। वैसे भी नागौर में भाजपा की उम्मीदवार बनी ज्योति मिर्धा और हनुमान बेनीवाल के बीच अदावत जग जाहिर है और दोनों एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयानबाजी करते रहे हैं। ऐसे में इस बार हनुमान बेनीवाल भाजपा के साथ तो किसी हालत में नहीं जाएंगे और यही बात कांग्रेस के लिए फायदेमंद साबित होती दिख रही है।

## हेरिटेज नगर निगम जयपुर की साधारण सभा हंगामे की भेंट चढ़ी

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर में हेरिटेज नगर निगम की करीब तीन साल के बाद हुई साधारण सभा की बैठक बुधवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई।

बैठक के दौरान कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद वेल में आकर भिड़ गए। एक-दूसरे के साथ मारपीट की नौबत बन गई। विधायक गोपाल शर्मा के मिनी पाकिस्तान के बयान को लेकर सदन में हुए जोरदार हंगामा के बाद महापौर मुनेश गुर्जर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकालीन स्थगित कर दी। इसके बाद गोपाल शर्मा ने कांग्रेस विधायक रफीक खान पर देशद्रोही होने का आरोप लगाया। शर्मा ने कहा कि जयपुर हैरिटेज नगर निगम की बैठक के दौरान अतिक्रमण और हटवाड़ा लगाने के मुद्दे पर हंगामा हो रहा था, जिसके बाद महापौर ने बैठक स्थगित करते हुए राष्ट्रगान करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक अमीन कागजी के कहने पर रफीक खान ने तार खींचकर ऑडियो सिस्टम बंद कर दिया और राष्ट्रगान बीच में ही रुक गया। उन्होंने कहा कि विधायक को ऐसा करना शोभा नहीं देता। इस मामले में पुलिस को स्वत: प्रसंज्ञान लेकर रफीक खान और कागजी को गिरफ्तार करना चाहिए।

## डीटीडीसी कार्गो कोरियर कंपनी पर आयोग ने लगाया हर्जाना

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने शुल्क लेकर पार्सल बुक करने के बाद उसे गंतव्य स्थान पर नहीं भेजने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही अदालत ने डीटीडीसी कार्गो कोरियर लि. पर 8 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं कंपनी को निर्देश दिया है कि वह कोरियर शुल्क की राशि 80 रुपए परिवाद दायर करने की तारीख 3 जुलाई 2015 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित परिवादी को लौटाए। आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबे सिंह व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश चन्द्र प्रकाश जांगिड के परिवाद पर दिए। आयोग ने कहा कि कंपनी को जब कोरियर का पार्सल नहीं भेजना था तो शुल्क लेकर उसकी बुकिंग नहीं करनी चाहिए थी। इससे कंपनी की सेवा में कमी साबित होती है।

परिवाद में कहा गया की परिवादी ने 19 जून 2015 को एक पार्सल अलवर भेजने के लिए कोरियर कंपनी को तय शुल्क भुगतान कर दिया था। कंपनी प्रतिनिधि ने उसे आश्वस्त किया कि 20 जून तक पार्सल आवश्यक रूप से गंतव्य स्थल तक पहुंच जाएगा। जब परिवादी ने पार्सल भेजने वाली जगह पर 23 जून को फोन किया तो पता चला कि पार्सल वहां पर पहुंचा ही नहीं है। कोरियर कंपनी में जाने पर पता चला कि उन्होंने पार्सल को व्यावसायिक उपयोग का होने के चलते भेजा ही नहीं था। इसे परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए कोरियर कंपनी से हर्जा-खर्चा सहित कोरियर शुल्क ब्याज सहित दिलवाए जाने का आग्रह किया। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने कोरियर कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए लिया गया शुल्क ब्याज सहित लौटाने को कहा है।

## सार-समाचार

### बारह बाल अपचारियों को पकड़ा

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके के सेड्डी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह के कमरे की दीवार तोड़कर बीस बाल अपचारियों के भागने के मामले में वहां के स्टाफ की भारी लापरवाही सामने आई है। घटना के समय मौके पर कोई स्टाफ नहीं था। सिक्योरिटी एजेंसी के गार्ड को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब तक पुलिस ने बारह बाल अपचारियों को पकड़ लिया है और बाकी अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बाल सुधार गृह की दीवार छह इंच मोटी है। ऐसे की दीवार को तोड़ने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाल अपचारियों ने मंगलवार दिन में ही चारपाई के नीचे बैठकर गड्ढा खोदकर दीवार तोड़ी है। रात होते ही मौका देखकर यहां से फरार हो गए। जिस कमरे से बाल अपचारी फरार हुए है वहां से लोहे का पाइप और लोहे की एक पत्ती बरामद की है। सभी फरार बाल अपचारी करीब साल-दो साल से बाल सुधार गृह में रह रहे थे। बाल सुधार गृह में 107 बाल अपचारी रह रहे है। एक बैरक में करीब 30 से 50 बच्चे रह रहे है। फरार बाल अपचारियों पर रेप, हत्या सहित अन्य धाराओं पर केस दर्ज थे। बाल अपचारियों के भागने की जानकारी मिलने पर नाबालिगों के घर और संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमों को भेज कर जांच कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। एक रिपोर्ट लेकर इन नाबालिगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की जाएगी। सभी नाबालिगों के परिवार को जानकारी दे दी गई है।

### तीन क्विंटल डोडा पोस्त से भरा ट्रक जब्त

**जयपुर।** जयपुर पुलिस की ओर से शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत दौतलपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान डोडा पोस्ट से भरा ट्रक पकड़ कर चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक ट्रक में मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। दौलतपुरा गांव में एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली गई तो उसमें डोडा-पोस्ट भरा मिला। ट्रक में 3 क्विंटल 58 किलो 750 ग्राम डोडा पोस्ट भरा था। आरोपियों ने ट्रक में अलग से केबिन बनवा कर उसमें मादक पदार्थ भर रखे थे। चालक ने पहले ट्रक में सब्जी भरा होना बताया था, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने डोडा पोस्ट होने की जानकारी दी। इस मामले में ट्रक चालक सोनीपत हरियाणा निवासी संदीप उर्फ टोपी और खलासी कुलवंत उर्फ जसवंत निवासी होशियारपुर पंजाब को गिरफ्तार किया गया। आरोपी इसे कोटा से रोहतक लेकर जा रहे थे।

### नशीली दवाओं के रोक के लिए अभियान

**जयपुर।** प्रदेशभर में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार एवं दुरूपयोग रोकने के लिए 4 से 18 मार्च तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक औषधि नियंत्रकों की देखरेख में चल रहे इस अभियान में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा नशे के कारोबार में लिप्त दवा विक्रेताओं की गहनता से जांच कर कार्रवाई की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी के दृष्टिगत चिकित्सा मंत्री के निर्देशानुसार 15 दिवसीय अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत बीकानेर, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों में इस अभियान के तहत करीब 35 लाख रूपये की औषधियों के स्टॉक को जब्त किया गया है। वहीं 59 औषधि विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित, 2 के लाइसेन्स निरस्त एवं 32 औषधि विक्रेताओं से एनडीपीएस घटकयुक्त औषधियों के बेचान की अनुमति को प्रत्याहारित किया गया है।

### मुकेश पारीक ने पदभार ग्रहण किया

**जयपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद पदभार ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक को माला पहनाकर स्वागत किया और पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुकेश पारीक को शुभकामनाएं दी।

### पन्द्रह मनचले गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मिशन सतर्क जयपुर, सुरक्षित जयपुर विषय में विभिन्न स्थानों पर निर्भया स्क्वॉड द्वारा पिछले आठ दिवस में पन्द्रह मनचलों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 170 लोगों को समझाया गया। 16672 महिलाओं व बालिकाओं को महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाकर जागरूक किया गया।

# समाज में बदलाव लाने के लिए बेटियों को बराबर के अवसर दें : दिया कुमारी

**जयपुर, (का.सं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि महिला अत्याचार, दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों की शुरूआत घर से होती है, इसलिये यदि हमें इन बुराइयों का अंत करना है, तो इसकी शुरूआत अपने घर से ही करनी होगी तभी महिलाएं सही मायने में सशक्त बनेंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि घर के काम जब हम बेटा और बेटी दोनो से करवाएगें तो बेटों की सोच का दायरा बढ़ेगा और वे इस बात को समझेंगे कि महिला और पुरूष में कोई छोटा बड़ा नहीं होता। उपमुख्यमंत्री बुधवार को आरबीएल बैंक की ओर से भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउण्ड में सीएसआर के तहत विद्याधर नगर क्षेत्र की 400 गरीब बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो माता पिता बेटियों की उपेक्षा कर उन्हें अवसर नहीं देते हैं, वे उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। हमने देखा है कि जब-जब बेटियों को अवसर मिला है वे बेटों से भी दो कदम आगे रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माताओं, बहनों और बच्चियों की आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को आरबीएल बैंक की ओर से भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउण्ड में सीएसआर के तहत विद्याधर नगर क्षेत्र की 400 गरीब बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण समारोह में शामिल हुईं।

करे रहे हैं, लेकिन ये तभी सार्थक होंगे जब लोगों की मानसिकता में बदलाव आएगा। आरबीएल बैंक द्वारा सीएसआर के तहत गरीब वर्ग की बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के निर्णय की प्रशंसा करते हुए उप मुख्ममंत्री ने कहा कि आरबीएल की यह पहल अनुकरणीय है, इससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी महिला उत्थान की दिशा में आगे आएंगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट प्रदान की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों के साथ उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट भी देखा।

## शिवरात्रि पर व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां दीं

**जयपुर, (का.सं.)।** राजधानी जयपुर में 8 मार्च को शिवरात्रि का पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व के मौके पर शिवालयों सहित शहर प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिसके देखते हुए जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने सुरक्षा सहित तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कार्मिकों की जिम्मेदारियां तय की है।

वहीं, देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्टर ने आमजन, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, पुजारियों एवं समाज के भामाशाहों से जिले में संचालित गैर राजकीय समस्त छोटे-बड़े मंदिरों में श्रृंगार पूजा अर्चना, साज-सज्जा एवं रोशनी की व्यवस्था करने करने के साथ-साथ खास आयोजन एवं गतिविधियां आयोजित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जयपुर के ताड़केश्वर मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा, कानून व शांति व्यवस्था, सुचारू यातायात सहित जरूरी व्यवस्थाओं के लिए देवस्थान विभाग, पुलिस, नगर निगम, चिकित्सा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि आमजन को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को प्रमुख मंदिरों के आस-पास के क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ ही श्रद्धालु शिव मंदिरों में सुलभ दर्शन कर सके और व्यवस्था बनी रहे इसके लिए आपदा प्रबंधन की टीमों को तैनात किया जाएगा।

## सड़क पर टाइल्स के कार्य का शुभारंभ

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 135 अर्जुन नगर अंडर पास रेल्वे लाइन के पास में सड़क पर टाइल्स के कार्य का शुभारंभ किया। स्थानीय पार्षद राजेश कुमावत ने बताया की वार्ड 135 में रेल्वे लाइन के पास सड़क (टाइल्स) नगर निगम ग्रेटर के द्वारा बनाई जा रही है जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सराफ ने किया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद अभिषेक सैनी, वेदु सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, अमरावती शर्मा, वार्ड अध्यक्ष राकेश सैनी, जितेंद्र सिंह राजावत, शीला नाथ, खेमा कुमावत, रेखा शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, बोधीलाल कुमावत, हेमंत सिंह, संतोष झा विजय सैनी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सार-समाचार

## 'एनुअल स्पोर्ट मीट-2024' का समापन



उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर में 3 दिवसीय खेल महोत्सव 'एनुअल स्पोर्ट मीट-2024' का समापन हो गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने खेल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पढाई के साथ-साथ खेल भी हमारी प्राथमिकता की सूची में शामिल होना चाहिए। यदि विद्यार्थियों के खेल के क्षेत्र में कमी रह जायेगी तो छात्रों के सर्वांगिण विकास का सपना अधूरा रह जायेगा। खेल कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि एक मिशन हैं जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल को पुर्नजीवित रखना हैं। ०3 दिन तक चलने वाले खेल महोत्सव वोलीबॉल, क्रिकेट, गली क्रिकेट, बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, कबड्डी, चैस, टेबल टेनिस, कैरम व बेडमिंटन जैसे खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न चरणों में किया में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से क्रिकेट में इन्जिनियरिंग टीम के केप्टन ध्रुवराज ने एम.बी.ए. क्रिकेट टीम को हराकर खिताब हासिल किया। बेडमिंटन में भूमिका शर्मा और जय लोधा, चेस में शीतल सोनी व युवराज सोनी, केरम में खुशी महेश्वरी और मनीष व्यास, टेबल टेनिस में रिया मित्तल और मासूम चौरसिया और फुटबॉल में केप्टन तुषार शर्मा की टीम विजयी रही। समस्त खेलों का संचालन खेल अधिकारी नीरज पण्ड्या ने किया।

## पट्टों को निरस्त करने की मांग

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती पीपली अहिरान पंचायत के प्रेमपुरा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा जारी पट्टों को निरस्त करने की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया कि प्रेमपुरा गांव के लोग 50 साल से जिस जमीन पर काबिज थे, उस जगह पर सरकारी सामुदायिक भवन व अन्य सरकारी भवन बनाने की बात कहते हुए सरपंच गंगाबाई व उनके बेटे लेहरीलाल द्वारा उनके कब्जे हटवा दिए। फिर सरपंच के चहेते लोगों को ग्राम पंचायत से चुपके चुपके पट्टे जारी कर दिए, जबकि कई वर्षों से वे उस जमीन पर काबिज थे। इस तरह पट्टे जारी करने में अनियमितता हुई, जिसकी निष्पक्ष जांच करते हुए सभी पट्टों को निरस्त किया जाए। आरोप है कि नियमों के विरुद्ध व भ्रष्टाचार के चलते 18 से 20 उन रसूखदारों को पट्टा जारी कर दिए, जो पहले से गांव के जमींदार हैं। ऐसे में ग्रामीण का कहना है कि जिन रसूखदारों को पट्टा जारी किए उनके पट्टे निरस्त किए जाए। साथ ही उक्त भूमि पर जारी किए पट्टे निरस्त करते हुए इस जमीन का उपयोग सरकारी व सार्वजनिक उपयोग लिया जाए। गंगा बाई अहीर, सरपंच ग्राम पंचायत पीपली अहिरान ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार पट्टे दिए गए है जो लोग आरोप लगा रहे है वो चारागाह ओर आबादी भूमि के अतिक्रमण कारी है जिनको हटाने के लिए नोटिस दिए गए है ओर प्रशासन से पुलिस जाप्ता भी कई बार मांग की पर सहयोग नही मिला। इसलिए ये लोग आरोप लगा रहे है। में प्रशासन की जांच में सहयोग करूंगी ओर सभी अतिक्रमण हटाने में प्रशासन सहयोग करें। पूरी पंचायत को अतिक्रमण मुक्त करेंगे।

## बाइक चोर गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी गई छह बाइक बरामद की। प्रकरण के अनुसार चन्द्रप्रकाश सेन पुत्र गोपाल सेन निवासी कोठारियों का मौहल्ला आयड़ भूपालपुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं चैम्पियन सैलुन सेलिब्रेशन मॉल में नौकरी करता हूं व हमेशा की तरह 4 मार्च को सुबह मॉल के बाहर मेरी स्कूटी खड़ी की। रात में घर लौटते समय पहुंचा तो मौके पर स्कूटी नहीं थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुसि अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों केआधार पर गुलाब नबी पुत्र लियाकत अली निवासी नंदवाना कॉलोनी कपासन चित्तौडगढ हाल मावली को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने राजसमन्द, चित्तौड़गढ़ व उदयपुर में विभन्न स्थानों से 6 बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

## जेवरात से भरा पर्स चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थानाक्षैत्र बस में सवार महिला का अज्ञात चोर पर्स चुरा ले गया। जिसमें जेवरात व नकदी थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आई ब्लॉक मिराज मोर्निंग अपार्टमेंट के सामने सेक्टर14 निवासी भरत नागौरी पुत्र विनय कुमार नागौरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मंगलवार को मेरी मां उदियापोल रोडवेज बस स्टेण्ड खिडकी पर टिकिट लेकर सिरोही की बस मे बैठी थी। वहां पहुंचने पर मां ने फोन किया की पर्स चोरी हो गया है। पर्स में सोने की चेन, दो अंगुठी तथा नकदी थी।

## बाल श्रमिक मुक्त कराया

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक यागेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान मावन तस्करी विरोधी यूनिट प्रीारी लच्छीराम मय टीम ने बुधवार को गुलाब बाग समोर बाग स्थित शिवशक्ति दाल-पुरी थैले वाले पर कार्यवाही करते हुए एक बाल श्रमिक को मुक्त करा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर शैल्टर होम भिजवाया। थेला संचालक रामलाल के खिलाफ सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा की



महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में ए.डी.एम. प्रशासन ने योजनाओं की समीक्षा की।

उदयपुर, (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न समितियों की बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मिनी सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशानुसार एडीएम प्रशासन राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में एडीएम ने जिला अभिसरण योजना समिति अंतर्गत सौ दिवसीय कार्य योजना के तहत आयोजित हो रही गतिविधियों की

- वन स्टॉप केन्द्रों के लंबित प्रकरणों की ली जानकारी ली

समीक्षा करते हुए विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये, उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिमाह किए जाने वाले बच्चों के पोषण से संबंधित सर्वे की विस्तार से जानकारी ली, साथ ही पूरक पोषण की उपलब्धता, पोषण ट्रैकर, महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा होम विजिट तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत जिले में लाभार्थियों की संख्या एवं किस्तों के माध्यम से लाभार्थी महिलाओं को मिलने वाले लाभों तथा उसकी प्रक्रिया की जानकारी ली। एडीएम ने वन स्टॉप सेंटर मॉनिटरिंग समिति की चर्चा के दौरान विभागीय अधिकारियों से वन स्टॉप केंद्रों के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा भवन निर्माण, प्रचार प्रसार आदि पर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम ने योजना अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की स्थिति की जानकारी ली, साथ ही आगामी आयोजन एवं नवाचार पर भी चर्चा की जिसमें शिक्षा सेतु के माध्यम से वंचित बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला अधिकारिता उपनिदेशक संजय जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधुरी वर्मा, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ रागिनी अग्रवाल, सीडीपीओ कविता यादव, निधि रानी जोशी, सरोज देवपुरा, गरिमा उपाध्याय समेत महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं विभाग की समितियों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

## गांजा नहीं देने पर युवक की हत्या

उदयपुर, (कासं)।शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र मादडी रोड़ पर बाइक सवार बदमाश ने समस्तीपुर बिहार हॉल मादड़ी निवासी संतोष साहू (30) पुत्र भगलू साहू की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। संतोष मादड़ी फेक्ट्री में काम करता था। एवं रात में संतोश अपने चचेचे भाई सुजित के साथ बिहार हॉल बेडवास निवासी सुबोध पार्टी पुत्र की बर्थडे पार्टी में गया था। वहां से साईकिल पर सुजित के साथ घर लौट रहा था। जहां बीच रास्तें रोड़ नं. 12 मादडी में बाइक सवार दो बदमाशों ने रोक कर गांजा मांगा इंकार करने पर चले गए। कुछ ही दूरी पर जाने के बाद दोबारा वापस आकर गांजा मांगा व इंकार करने पर विवाद होने पर एक बदमाश ने संतोष के सीने पर चाकू घोंप कर साथी के साथ फरार हो गया। इसको देख साथी सुजित मौके से फरार हो गया। सूचना पर थानाधिकारी भरत योगी ने मौके पर पहुंच मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागडा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी दो साल से फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को गुजरात के प्रांतिज और अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। रामसागडा थानाधिकारी ने बताया कि शराब तस्करी के दो अलग.अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन आरोपी फरार चल रहे थे। उन्हें पकडने हेड कांनि. नारायणलाल, कांनि. राहुल और नरेश की टीम तलाश में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने 2 साल से फरार सुरेंद्रसिंह निवासी बस्सी पुलिस थाना सराडा जिला सलूंबर को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। वहीं शराब तस्करी में फरार सूरज सिंह पुत्र वीनू सिंह चौहान टिंबावास कॉलेज रोड प्रांतीज जिला सांबरकांठा गुजरात को प्रांतिज से गिरफ्तार किया है।

## इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने तीन वर्ष से फरार इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिगारिया के सुपर विजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवन्तसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए तीन वर्ष से फरार पांच हजार रूपये के इनामी स्ट्रिीशिटर फैयाज खान पुत्र मोहम्मद अजीज निवासी सज्जननगर कच्ची बस्ती अम्बामाता को गिरफ्तार किया।

## कार्यशाला का आयोजन

राजसमंद, (निसं)। जिले में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तीन दिवसीय अभियान के प्रथम दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने कार्यशाला में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की।

सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तीन दिवसीय अभियान में हिन्दुस्तान जिंक दरीबा में कार्यरत महिला कर्मचारीगण को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण, गिरफ्तारी से संबंधित कानून, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने सहित अन्य प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होनें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संगठन व कार्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए लोक अदालत, मध्यस्थता, महिलाओं को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकार, स्थाई लोक अदालत, अवेयरनेस फॉर सीनियर सिटीजन, माता-पिता व वृद्धजनों को भरण पोषण अधिकार, वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन व पीडित प्रतिकर स्कीम के तहत महिलाओं को प्राप्त विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उपस्थित महिला कर्मचारीगण द्वारा व्यक्त की गई जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

# इंडियन व आई.पी.एल. प्लेयर को देखने उमड़े लोग



रवि बिश्नोई को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया।

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के फील्ड क्लब मैदान पर हो रहे मेवाड़ कप में खेल रहे इंडियन क्रिकेट टीम के सदस्य व आईपीएल प्लेयर खिलाड़ियों को देखने भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को रवि बिश्नोई व राहुल चाहर अलग-अलग टीम से खेले। रवि बिश्नोई ने 52 गेंदों पर 93 रन की तूफानी पारी खेलते हुए जोधपुर की टीम स्पार्टन्स क्रिकेट एकेडमी को जीत दिलाई वहीं राहुल चाहर पीआईएमएस क्लब उदयपुर की ओर से खेले। रवि बिश्नोई ने अपनी पारी में सात छक्के और आठ चौके लगाए।

आयोजक नमन अग्रवाल और कुलदीप आमेरिया ने बताया कि पीआईएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 153 रन का स्कोर खडा किया जिसमें फैजल रशीद ने नाबाद 41 रन का योगदान दिया। वहीं आईपीएल खिलाडी स्पार्टन्स के हरप्रीत ब्रार ने दो विकेट लिए। जवाब में स्पार्टन्स की टीम ने दो विकेट खोकर मात्र 14.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। अंतर्राष्ट्रीय व टीम इंडिया के सदस्य रवि बिश्नोई की 93 रनों की तूफानी पारी की बदौलत उन्हें मैन ऑफ द मैच व मोस्ट सिक्सेस ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। इस दौरान पीआईएमएस के चैयरमेन आशीष अठावाल, शीतल अग्रवाल भी मौजूद रहे।

आयोजक बिलाल अख्तर और हर्षित धाबाई ने बताया कि सुबह के सत्र में आदित्य रियल एस्टेट ने दिल्ली चैलेंजर्स क्रिकेट क्लब को रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराया। आदित्य रियल एस्टेट ने पहले बल्लेबाजी करते 6 विकेट खोकर 186 रन बनाए। इसमें सौरव चौहान ने 24 गेंदों में दो छक्कों व तीन चौकों की मदद से 40 रन बनाए। जवाब में दिल्ली चैलेंजर्स की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी और आठ रन से मुकाबला हार गई। दिल्ली के धीरूसिंह ने 60 और रित्विक रॉय ने 53 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पिम्स हॉस्पिटल उमरडा और मिराज पाइप्स एंड फिटिंग के सहयोग से शुरू हुए दूसरे सीजन में रवि बिश्नोई, राहुल चाहर, वैंकटेश अय्यर, शिवम मावी, महिपाल लोमरोर, कुणाल सिंह राठौड, अभिजीत तोमर, रिपल पटेल, सौरभ चौहान, कमलेश नागरकोटी सहित कई नामी क्रिकेटर भाग ले रहे हैं।


प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 3278 **लोक - सूचना** दिनांक : 05/03/2024

श्री रोशनलाल चंदेल पिता श्री देवकिशन खटीक निवासी अम्बिका चौक जलचक्की तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | किशोरनगर | 1137/1000 | रकबा 0.0526 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05/03/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर परिषद राजसमंद**

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 3275 **लोक - सूचना** दिनांक : 05/03/2024

श्री कन्हैयालाल गमेती पिता श्री भैरूलाल गमेती निवासी प्रेमनगर वाटिका के पास सविना तहसील गिर्वा जिला उदयपुर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | नौगामा | 1948/1489 | रकबा 0.4047 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05/03/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर परिषद राजसमंद**


# कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। एबीवीपी के प्रतिनिधि मंडल ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में राज्य सरकार संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला संयोजक आनन्द निनामा ने बताया कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जन विरोधी नीतियों को बढावा दे रही है तथा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही है जब से संदेशखाली में महिलाओं के साथ ज्यादती का घटनाक्रम सामने आया तब से विद्यार्थी परिषद न्याय की मांग को लेकर देश के शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शन कर रही है और राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्र एजेंसी द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त हैं एक और राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारी हर और भ्रष्टाचार कर आम लोगों का हक मार रहे हैं वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था की जंजर स्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद है। संदेशखाली में जिन पीडितों के साथ ज्यादती हुई है उनमें अधिकांश पिछडे वर्ग अनुसूचित जनजाति की महिलाएं हैं। पूर्व जिला संयोजक आशीष मकवाना ने बताया कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मान पूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। ज्ञापन देने वालों में छात्र नेता राजेश खराडी, तहसील संयोजक नरेश राठौर, भावेश यादव, दीपक यादव आदि शामिल रहे।

## साधारण सभा की बैठक आयोजित

मंडफिया, (निसं)। भदेसर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति प्रधान सुशीला कंवर आक्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने विभिन्न कार्यों को गति देने के सख्त निर्देश दिए। साधारण सभा की इस बैठक में उपखंड अधिकारी विजेश कुमार, विकास अधिकारी सुमेर सिंह, तहसीलदार गुणवंत लाल माली सहित ब्लॉक लेवल के समस्त विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम विद्युत विभाग को लेकर चर्चा की गई तत्पश्चात जलदाय विभाग की चर्चा में पंचायत समिति सदस्य उदयलाल खटीक, बानसेन सरपंच कन्हैया दास वैष्णव, खोडिप सरपंच अशोक कुमावत, पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी एवं करेडीया सरपंच कालू लाल गाडरी ने अपनी समस्याएं रखी। मुख्य रूप से बानसेन खोडिप एवं भादसोड़ा में पेयजल आपूर्ति को लेकर सदन में मांग रखी गई। जिसमें प्रस्ताव लिया गया कि पेयजल समस्या को देखते हुए इन गांव में तुरंत प्रभाव से पानी के टैंकर प्रारंभ किया जाए साथ ही जलदाय विभाग के अभियंता को निर्देशित किया कि आज ही इसका प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारी को भेजा जाए साथ ही बानसेन एवं अन्य स्थानों पर जर्जर हो रही टंकियां को भी निस्तारित करने का प्रस्ताव लिया गया।


**कार्यालय पंचायत समिति वल्लभनगर**
**जिला उदयपुर( राज. )**

क्रमांक:-पसव/लेखा/हड्डी ठेका/2024-25/129 दिनांक-5.03.2024

**हड्डी ठेका नीलामी वर्ष 2024-25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति वल्लभनगर के अधीन 23 ग्राम पंचायतों के मृत पशुओं की हड्डियां उठाने का ठेका दिनांक 11-3-3024 को दोपहर 3 बजे नीलामी द्वारा किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को 50000/- रूपए की डी.डी. दोपहर 2 बजे से पूर्व जमा करा बोली में भाग ले सकता है अन्य समस्त शर्ते दस्तावेज कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

( देवीलाल नंगारची )
प्रधान
पंचायत समिति वल्लभनगर

( विरेन्द्र कुमार व्यास )
विकास अधिकारी
पंचायत समिति वल्लभनगर


# बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यक्रम आयोजित



दर्शन डेंटल कॉलेज में डेंटिस्ट्स डे' पर बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उदयपुर, (कासं)। दर्शन डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में 'नेशनल डेंटिस्ट्स डे' के उपलक्ष्य में पीडियाट्रिक्स एवं प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग के द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एयरवे मैनेजमेंट स्किल पर दो दिवसीय प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्टी बी आर अग्रवाल, डॉ. जे के तायलिया प्रिंसिपल, डॉ विकास पुनिया वाईस प्रिंसिपल डॉ. रविकिरण एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ. रूचि अरोरा और आयोजन सचिव डॉ. खालिद अगवानी द्वारा किया गया। संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रूचि अरोरा ने 'सीपीआर जीवन बचाता है' थीम पर सभी शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को सम्बोधन करते हुए बताया कि आपातकालीन स्थिति में घायल की सहायता करने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट का ज्ञान सभी को होना जरूरी है। बीएलएस बुनियादी चिकित्सा सहायता है , जो लोगो को अस्पताल में पहुंचने से पहले या उन स्थितियों में दी जाती है, जहां चिकित्सा सुविधा तुरंत उपलब्ध नहीं होती है।पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डॉ. वीरेंद्र चौधरी (एमडी मेडिसिन), डॉ. शिल्पा शारदा (एमडी, अनेस्थेसिआ)और डॉ. खालिद अगवानी (ओरल सर्जन ) ने गेस्ट लेक्चर एवं डेमोंस्ट्रेशन दिया। कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षकों, छात्रों और कॉलेज के कर्मचारियों को डेमोंस्ट्रेशन डमी मॉडल पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उदयपुर के विभिन्न डेंटल कॉलेज से 210 से भी अधिक प्रतिनिधियों से भाग लिया।

# महाराणा भूपाल सिंह की जयंती पर किया नमन

उदयपुर, (कासं)। मेवाड़ के महाराणा भूपाल सिंह जी की 14०वीं जयंती पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के कुलपति सचिवालय के सभागार में बुधवार को कुलपति कर्नल प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, पीजी डीन प्रो. जीएम मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि महाराणा भूपाल सिंह जी सिर्फ एक शासक ही नहीं थे, वह एक दूरदर्शी रणनीतिकार थे। महाराणा भूपाल सिंह विद्यापीठ के पहले चांसलर रहे। आजादी के पूर्व महाराणा भूपाल सिंह ने मेवाड के शहरी एवं आदिवासी अंचल में शिक्षा की अलख जगाई।

- आजादी के पूर्व महाराणा भूपाल सिंह ने मेवाड़ में शिक्षा की अलख जगाई : सारंगदेवोत

लोकहितकारी कार्यो के लिए अपनी अनेकों भवन एवं जमीनें सुपूर्द की जिसमें आज महाराणा भूपाल चिकित्सालय, न्यायालय परिसर , कलेक्ट्री परिसर, फतेह मेमोरियल एवं अनेकों विद्यालय एवं महाविद्यालय चल रहे है। संस्थापक जनुभाई ने महाराणा की प्रेरणा से ही 1937 में विद्यापीठ की स्थापना की जिसने आज वट वृक्ष का रूप ले लिया है। आजादी के पूर्व हर वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग किया। विलिनिकरण के दौरान मेवाड में आने वाले हर व्यक्ति को अपने यहॉ शरण दी। सबसे पहले रियासती एकीकरण के पक्षकार महाराणा भूपाल सिंह जी थे उनके इस सहयोग के लिए उनको पूरे भारत के एकीकरण के दौरान मार्ग प्रदर्शक की छवि के रूप में पेश किया । महिला शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार में उनके उल्लेखनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. आशीष नंदवाना डॉ. चन्द्रेश छतलानी, निजी सचिव केके कुमावत, जितेन्द्र सिंह चैहान, उमराव सिंह राणावत, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. संजय चैधरी, लहरनाथ, रजनी पी., विजय लक्ष्मी सोनी, विकास डांगी, कालू सिंह, सिद्वार्थ सहित कार्यकर्ताओं ने महाराणा भूपाल सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।


**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**
(CIN: L65922RJ1999PLC015440)
321. S M Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur-313001(Rajasthan), Phone 0294-2561882 E-mail: info@srghousing.com Website: www.srghousing.com

**SYMBOLIC POSSESSION NOTICE RULE 8(1) (For Immovable Property)**

Whereas, the undersigned being the authorized officer of SRG Housing Finance Limited, 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur – 313001 (Rajasthan), under the Securitization And Reconstruction of Financial Assets and Enforcement Of Security Interest Act, 2002 and in exercise of power conferred under section 13(12) read with rule 3 of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued demand notices on the dates mentioned against each account calling upon the respective borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors, to repay the amount within 60 days from the date of receipt of the said notices. The borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors having failed to repay the amount, notice is hereby issued to the borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors and the public in general, that the undersigned has taken **symbolic possession** of the properties described herein below in exercise of powers conferred on him under section 13(4) of the said Act, read with rule 9 of the said rules, on the dates mentioned against each account. The borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors in particular and public in general are hereby cautioned **Not to deal with the properties** and any dealing with the properties will be subject to the charge of SRG Housing Finance Limited, 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur – 313001 (Rajasthan), for the amounts mentioned below plus future interest and cost/charges thereon until the realization.
The Borrowers/Co-borrowers/Mortgagors/Guarantors attention are invited to the provisions of sub-section (8) of section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the available secured assets.

| S. No. | Loan Account Number (Lan)/ Borrowers/ Co-Borrowers/ Guarantors | 1) Date Of Demand Notice 2) Date Of Symbolic Possession 3) Claim Amount As Per Demand Notice | Description Of Immovable Property (Together With Buildings And Structures Constructed, To Be Constructed Thereon Along With Fixtures And Fittings Attached To The Earth And Anything Attached To The Earth.) |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR0000000007848 Mr. Arvind Singh S/o Mr. Mahendra Singh (Borrower) Mrs. Lad Kunwar W/o Mr. Arvind Singh (Co-Borrower) Mr. Charndrapratap Singh S/o Mr. Rajendra Singh Chundawat (Guarantor-1) Mr. Hari Singh S/o Mr. Sohan Singh Chundawat (Guarantor – 2) | 1. Date Of Demand Notice-December 09, 2023 2. Date Of Symbolic Possession– March 01, 2024 3. Claim Amount As Per Demand Notice- ₹ 10,09,140/- Rupees Ten Lakh Nine Thousand One Hundred And Forty Only As On Setpember 11, 2023 Future Interest, Incidental Expenses, Cost, Charges Etc., W.e.f. Setpember 12 2023 | All That Piece And Parcel Of Land Owned By: - In The Name Mr. Arvind Singh S/o Mr. Mahendra Singh Rajput Having Aaraji No.–1459 And 425/2, Gram–Chundawat Khedi, Gram Panchayat–Badgaon, Panchayat Samiti–Mavli, Tehsil- Mavli, District- Udaipur (Rajasthan) Land Area Of 8712.05 Sq.Ft. Surrounded By:- East–Road, West-Agri. Land Of Mr. Goda, North–Agri. Land Of Mr. Goda, South- Agri. Land Of Mr. Lakhma |
| 2. | HLR000000012038 Mr. Til Singh S/o Mr. Dud Singh (Borrower) Mrs. Radha Devi W/o Mr. Til Singh (Co-Borrower) Mr. Prabhu Singh S/o Mr. Raju Singh (Guarantor) | 1. Date Of Demand Notice- December 14, 2023 2. Date Of Symbolic Possession– March 01, 2024 3. Claim Amount As Per Demand Notice- ₹ 4,00,090/-Rupees Four Lakh And Ninty Only As On December 11, 2023 Future Interest, Incidental Expenses, Cost, Charges Etc., W.e.f. December 12, 2023 | All That Piece And Parcel Of Land Owned By: - In The Name Mr. Til Singh S/o Mr. Dud Singh Having Khasra No.–486, Patta No.–40, Book No.–03, Gram–Ghata, Gp–Ajitgarh, Ps–Bhim, Tehsil–Bhim, District–Rajsamand (Rajasthan) Admeasuring About 2652.00 Sq. Ft. Surrounded By:- East–House Of Khanghar Singh, West–House Of Dudh Singh, North–Self Plot, South-Common Rasta |

PLACE:- Udaipur
DATE:- 07-03-2024

SD/-
Authorized Officer
SRG Housing Finance Limited



*जयपुर में एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 14 आरोपियों को स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान कोर्ट परिसर में मौजूद वकील आरोपियों को देखकर आक्रोशित हो गए और पुलिस की मौजूदगी में ही उनसे मारपीट कर दी। वकीलों ने नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर बेरोजगारों का हक मारने की बात कही। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने बीच बचाव किया और बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।*

# कोर्ट परिसर में वकीलों ने पेपरलीक आरोपियों को पीटा

## पेपरलीक की जांच कर रहे स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने गिरफ्तार किए सभी 14 आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया

- **आरोपियों को देखकर वकील भड़क गए और आरोपियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को आरोपियों को आक्रोशित वकीलों से बचा कर जज के सामने ले जाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी।**
- **अदालत ने हालांकि आरोपियों को 12 मार्च तक रिमांड में दे दिया, पर एस.ओ.जी. से यह भी पूछा कि, आरोपियों को अवैध हिरासत में क्यों रखा और धारा 41 ए के प्रावधानों का पालन क्यों नहीं किया गया।**

जयपुर, 6 मार्च। सब इन्स्पैक्टर (एस.आई.) भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 14 आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाते समय वकीलों ने पीट दिया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने आरोपियों का बीच बचाव करते हुए उन्होंने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें 12 मार्च तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने पेपर लीक मामले में बुधवार को गिरफ्तार 14 ट्रेनी एस.आई. नरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, करणपाल गोदारा, विवेक भांभू, मनोहर लाल, गोपीराम, श्रवण कुमार, रोहिताश्व कुमार, प्रेम सुखी, एकता, भगवती, राजेश्वर, नारंगी और चंचल कुमारी को मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर, द्वितीय के समक्ष पेश किया। अदालत में पेशी के लिए ले जाते समय आरोपियों को देखकर वकील भड़क गए और उन्होंने आरोपियों से मारपीट की। जब पुलिस ने बीच-बचाव किया तो वकील पुलिस से भी भिड़ गए। कुछ ही देर में कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कर दी गई। वकीलों ने नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर बेरोजगारों का हक मारने का आरोप लगाया। सुनवाई के दौरान एक महिला आरोपी के परिजन तीन माह की बच्ची के साथ अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने कहा कि आरोपी महिला की तीन माह की बच्ची है। ऐसे में उसे रिमांड पर नहीं भेजा जाए।

इससे पहले एस.ओ.जी. ने सुरक्षा के बीच आरोपियों को अदालत में पेश कर उनका पुलिस रिमांड मांगा। इसका विरोध करते हुए आरोपियों के अधिवक्ता विपुल शर्मा और वेदांत शर्मा सहित अन्य ने कहा कि एस.ओ.जी. इस प्रकरण में मनमानी कर रही है। आरोपियों को तीन और चार मार्च को पकड़ा, लेकिन 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश नहीं किया। इसके अलावा प्रकरण सात साल से कम सजा से जुड़े हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में तय कर रखा है कि ऐसे मामलों में सी.आर.पी.सी. की धारा 41ए के तहत पुलिस गिरफ्तारी से पूर्व नोटिस देगी या उसे तत्काल गिरफ्तारी का कारण बताना होगा। इस मामले में एसओजी ने इसकी अवहेलना की है।

इस पर अदालत ने मामले में एस.ओ.जी. से 12 मार्च तक स्पष्टीकरण मांगा है कि आरोपियों को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश क्यों नहीं किया गया। इसके साथ ही अदालत ने यह भी बताने को कहा है कि प्रकरण में सी.आर.पी.सी. की धारा 41ए के प्रावधानों की पालना क्यों नहीं की गई। हालांकि अदालत ने आरोपियों को 12 मार्च तक पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया।

# सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने में साधु संतों की महती भूमिका- मुख्यमंत्री भजन लाल

## गोपाल क्रैडिट कार्ड से पशुपालकों को 1 लाख रू. का ब्याज मुक्त ऋण मिल रहा है

- **साधु-संतों ने ई.आर.सी.पी. तथा यमुना जल समझौते के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।**
- **मु.मंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार ने ढाई माह के कार्यकाल में प्रदेश में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है। पूर्वी राजस्थान के लिए ई.आर.सी.पी. तथा शेखावाटी के लिए ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजना की सौगात दी गई है।**




*मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने गौ भक्त एवं संत समाज की सभा को वर्चुअल (वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से) तौर पर संबोधित किया। दरअसल, मु. मंत्री भजनलाल करोना पॉजिटिव हो गये हैं, तथा करोना क्वारेंटीन के नियमों का पालन कर रहे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री अपने ओ.टी.एस. स्थित आवास से प्रशासनिक एवं सार्वजनिक कार्यों को निपटा रहे हैं।*

जयपुर, 6 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, संत-महात्माओं के आदर्श जीवन से प्रेरणा पाकर हमारी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है और सनातन धर्म, संस्कृति को बढ़ावा देने में संतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा पशुधन के कल्याण हेतु राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं द्वारा पशुपालकों को लाभान्वित कर रही है।

भजनलाल शर्मा ने ओ.टी.एस. स्थित मुख्यमंत्री निवास से बुधवार को संत समाज-गौभक्तों की आभार सभा को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। कार्यक्रम में आए साधु-संतों ने गौमाता के हितों के लिए किए गए निर्णयों, ई.आर.सी.पी. तथा यमुना जल समझौते के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने ढाई माह के अल्प कार्यकाल में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है। पूर्वी राजस्थान के लिए ई.आर.सी.पी. परियोजना तथा शेखावटी क्षेत्र के लिए ताजेवाला हैडवर्क्स के ऐतिहासिक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर, साथ ही, उदयपुर में देवास बांध परियोजना तृतीय एवं चतुर्थ के माध्यम से दक्षिण राजस्थान में भी जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की है जिसके तहत पशुपालकों को 1 लाख रूपए तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। सरकार ने पशुधन के लिए मोबाइल वैटरनरी यूनिट की भी शुरूआत की है। इन यूनिट्स के माध्यम से पशुओं को समय पर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में बुधगिरी मढ़ी (फतेहपुर शेखावाटी) के पीठाधीश्वर एवं गोसेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज ने राज्य सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि सनातन धर्म संस्कृति तथा गौसेवा संरक्षण के लिए राज्य सरकार अग्रणी भूमिका निभा रही है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच तथा उनके नेतृत्व के कारण यह संभव हो सका है।

समारोह में गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद सी.पी. जोशी, सुमेधानंद सरस्वती, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, रेवासा धाम पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज, संत गोविंद वल्लभ महाराज, रघुनाथ भारती सहित बड़ी संख्या में साधु-संत उपस्थित थे।

# राहुल गांधी को भाषणों में "सतर्कता" बरतने की सलाह दी चुनाव आयोग ने

- **चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नया नोटिस जारी किया है कि, जिसमें चुनाव प्रचारों के दौरान संयमित और मर्यादित भाषा का उपयोग करने की सलाह दी गई है।**
- **दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गत वर्ष फैसला सुनाते हुये चुनाव आयोग को राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था।**
- **चुनाव आयोग ने वही नोटिस दोबारा राहुल गांधी को जारी किया है, चुनाव आयोग ऐसा ही एक नोटिस राहुल गांधी के खिलाफ पहले भी जारी कर चुका है।**

नई दिल्ली, 6 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में सतर्क रहने की सलाह जारी की है। चुनाव आयोग ने कहा है कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भविष्य में अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले चुनाव आयोग से कहा था कि, वह पिछले साल नवंबर में अपने भाषण के लिए कांग्रेस सांसद के खिलाफ उचित कार्रवाई करे। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं पर हमला करते हुए "जेबकतरे" शब्द का इस्तेमाल किया था। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी पर "पनौती" और जेबकतरे वाले तंज को लेकर राहुल गांधी को नोटिस भी जारी किया था।

सूत्रों का कहना है कि, चुनाव आयोग ने इस साल एक मार्च की अपनी सलाह दोहराई और कहा कि, चुनाव प्रचार के दौरान इसका गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 21 दिसंबर, 2023 के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश और राहुल गांधी के जवाब सहित प्रधानमंत्री के खिलाफ कुछ टिप्पणियों से संबंधित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद, भारत के चुनाव आयोग ने सलाह दी है कांग्रेस नेता भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहें।

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से सार्वजनिक बयान देते समय सभी दलों, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को आयोग की सलाह का ध्यान रखने को कहा है। चुनाव आयोग ने पिछले सप्ताह सभी राजनीतिक दलों को सार्वजनिक प्रचार में मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने और चुनाव प्रचार के स्तर को बढ़ाने के लिए एक सलाह जारी की थी। सूत्रों ने कहा कि, चुनाव आयोग आगामी चुनावों में समय और सामग्री के संदर्भ में दिए जाने वाले नोटिस पर फिर से काम करने के लिए उचित आधार के रूप में सलाह के अनुसार किसी भी अप्रत्यक्ष एमसीसी उल्लंघन का आकलन करेगा। बता दें कि, जल्द ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। माना जा रहा है अप्रैल और मई में देशभर में वोट डाले जाएंगे। कुछ ही दिनों में चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है। मुख्य मुकाबला भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का विपक्ष के गठबंधन वाले इंडिया अलायंस से होगा।

## 23 करोड़ किसानों ने फसल बीमा दावों का लाभ लिया

नई दिल्ली 6 मार्च (वार्ता)। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि, इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किये, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिये गये।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मांग आधारित योजना है और यह राज्यों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान किसान आवेदनों की संख्या में साल-दर-साल क्रमशः 33.4 प्रतिशत और 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 के दौरान, अब तक योजना के तहत नामांकित किसानों की संख्या में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## बैंगलुरू शहर में चौंकाने वाली सूखे...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं है। तब तक यहां के निवासियों के लिए यह कठिन स्थिति है। कई लोग पानी की सप्लायी को लेकर ऐसे प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं कि कई रेज़िडैन्शियल गेटेड कम्युनिटीज़ ने पानी की राशनिंग शुरू कर दी है और कार धोने पर कठोर प्रतिबंध लगा दिए हैं। हाउसिंग कॉम्प्लैक्सेज़ के भीतर पानी के उपयोग को सीमित किया जा रहा है। पानी की सप्लायी को नियमित करने के लिए राज्य सरकार भी हरकत में आ गई है। उसने प्राइवेट टैंकर्स को अपने नियंत्रण में ले लिया है। कर्नाटक के यातायात विभाग ने सोमवार और मंगलवार को आर.टी.ओ. को निर्देश दिए कि वह प्राइवेट टैंकर्स को जब्त कर उनका उपयोग पेयजल व शहर की अन्य आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति को नियमित करने के लिए करें। बैंगलुरू वॉटर सप्लायी एण्ड सीवरेज बोर्ड (बी.डब्ल्यु.एस.एस.बी.) को घर-घर पानी सप्लाई करवाने में मदद देने के लिए आर.टी.ओ. ने दो दिनों में 163 टैंकर जब्त किए। शहर के 16 आरटीओज़ में से प्रत्येक ने 210 से 15 वॉटर टैंकर जब्त कर शहर की आवासीय कॉलोनियों में जल आपूर्ति में मदद की।

सरकार प्राइवेट टैंकर्स को नियंत्रित करने व उनके द्वारा वसूली जाने वाली कीमत को नियमित करने की प्रक्रिया में है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने पानी के टैंकरों के मालिकों को पहले ही चेतावनी दे दी है कि यदि उन्होंने 7 मार्च तक आर.टी.ओ. में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया तो उनके वाहन जब्त कर लिए जाएंगे।

राज्य सरकार को हस्तक्षेप कर कठोर कदम उठाने पड़े क्योंकि मानसून के दौरान हुई कम बारिश के कारण कई आवासीय कॉलोनियों में पानी की किल्लत की खबरें थीं और पानी की भारी मांग को देखते हुए प्राइवेट वॉटर टैंकर मंगवाना भी एक चुनौतीपूर्ण काम था। साउथ बैंगलौर स्थित एक आवासीय कॉलोनी के एक पदाधिकारी ने बताया कि शहर में आवासीय प्रॉपर्टीज़ में हुई बेशुमार वृद्धि और पानी की मांग में तेजी से वृद्धि के कारण ऐसी स्थिति बनी, और अल्प वर्षा ने समस्या बढ़ा दी।

चूंकि लग्ज़री गेटेड अपार्टमैंट कॉम्प्लैक्स प्राइवेट वॉटर टैंकर्स पर निर्भर थे, इसलिए वे विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं क्योंकि अब जल बोर्ड ने पानी के वितरण को सीमित कर दिया है। शहर की पॉश कनकपुरा रोड स्थित एक प्रतिष्ठित अपार्टमैंट ने अपने निवासियों को सलाह दी है कि वह डिस्पोसेबल प्लेट्स व वैट वाइप्स का इस्तेमाल कर पानी की बचत करें।

एक अन्य हाई राइज़ बिल्डिंग कॉम्प्लैक्स ने अपने निवासियों के लिए पानी के उपयोग को सीमित कर उसकी राशनिंग कर दी है और किसी भी निवासी को कार आदि धोते हुए पाए जाने पर उस पर 5 सौ रूपए जुर्माने का प्रावधान भी किया है। इस कॉम्प्लैक्स के सिक्योरिटी गार्ड्स से भी कहा गया है कि वे नियमों की पालना ना करने वाले लोगों को चिन्हित करें।

संयोगवश, रैज़िडैंट वैलफेयर एसोसिएशन ने अपने सदस्यों को सूचित किया है कि आर.टी.ओ. और बी.डब्ल्यु.एस.एस.बी. प्राधिकरण वॉटर टैंकर्स जब्त कर रहे हैं जिसे जलापूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। पानी उन क्षेत्रों में सप्लायी किया जा रहा है, जहां इसकी जबर्दस्त किल्लत है। कई बोरवैल भी सूख गए हैं, जिसका मतलब है कि शहरवासियों को मानसून का इंतजार करना पड़ेगा, जो अभी तीन महीने दूर है।

## श्रीकांत जेना...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जीवन के समय से ही वह एक कांग्रेसी रहे हैं तथा सभी संदेह एवं गलतफहमियां दूर की जा चुकी हैं। वह कांग्रेस में अपनी वापसी पर प्रसन्न है।

इस पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ बीजू जनता दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक "अपवित्र" गठबंधन होने के बावजूद ओडिशा में कांग्रेस मजबूत बनकर सामने आएगी। उन्होंने टिप्पणी की कि उक्त दोनों पार्टियों के बीच एक औपचारिक गठबंधन संभवतः जल्दी ही किया जाएगा किन्तु इन दोनों के बीच एक अलिखित करार है।

उन्होंने जनता के लिए सामाजिक एवं आर्थिक न्याय की मांग को लेकर देश के कोने-कोने में घूमने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सराहना की।

जेना ने कांग्रेस में शामिल होने का अंतिम निर्णय लेने से पहले पार्टी अध्यक्ष खड़गे और ए.आई.सी.सी. महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की थी।

# कांग्रेस भी जल्द जारी करेगी लिस्ट, सौ उम्मीदवारों के नाम सामने आयेंगे

- **पार्टी महासचिव जयराम रमेश के अनुसार कांग्रेस की सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी की बैठक सात मार्च को शाम छः बजे होगी।**

नई दिल्ली, 6 मार्च। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत 195 नाम हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी भी आम चुनाव के लिए जल्द ही अपनी पहली लिस्ट जारी कर सकती है। इसके लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बृहस्पतिवार को बैठक होगी जिसमें 100 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी दी कि, सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी (सी.ई.सी.) की बैठक सात मार्च को शाम छह बजे होगी।

इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि, प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी की रायबरेली से चुनाव मैदान में उतर सकती हैं। उधर, राहुल गांधी अमेठी समेत दो सीटों से चुनाव लड़ सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने वाली कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक 7 मार्च को शाम 6 बजे होगी।" सीईसी की बैठक में विभिन्न स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा भेजे नामों में से उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई जाती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कुछ अन्य राज्यों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हो चुकी हैं। सूत्रों का कहना है कि, सीईसी की बैठक में करीब 100 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार होगा और प्रत्याशियों की पहली सूची कुछ दिनों के भीतर जारी हो सकती है।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा था कि, सात मार्च को सी.ई.सी. की बैठक के बाद लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की घोषणा होने की उम्मीद है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी के अलावा समिति में शामिल अन्य नेता बैठक में शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि, कांग्रेस ने अभी तक आम चुनाव के लिए किसी उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

## डॉनल्ड ट्रम्प का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनना तय हुआ

वाशिंगटन, 6 मार्च (वार्ता)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प अलास्का से जीत की ओर अग्रसर होने के साथ ही आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं।

एनबीसी न्यूज ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनबीसी न्यूज के मुताबिक ट्रम्प को 9,200 से अधिक यानी 87.6 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि उनकी इकलौती प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को केवल 12 प्रतिशत वोट मिले। संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली सभी राज्यों में ट्रम्प से हारती दिख रही हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को 15 रिपब्लिकन प्राइमरी में से 13 में जीत हासिल कर ली है जबकि यूटा राज्य के परिणाम अब भी शेष हैं।

## वर्षों बाद चैन की नींद सोएंगी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संदेशखाली स्थित शाहजहां के घर पहुंची थी। राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री फिलहाल ई.डी. की हिरासत में हैं जहाँ सरकार की राशन वितरण स्कीम्स के फण्ड्स में हेराफेरी को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

लेकिन, इस दौरान जो तथ्य सामने आए, उनके सामन पूर्व की सभी जांच पड़ताल बौनी साबित होने लगी। संदेशखाली के एस.सी. व एस.टी. लोगों के साथ शाहजहां और उसके सहअपराधियां द्वारा किए गए कुकृत्यों का भण्डा फोड़ हुआ। यह पता चला कि शाहजहां और तृणमूल कांग्रेस के उसके सहअपराधी यहां वर्षों से अपनी अवैध गतिविधियां चला रहे थे।

तृणमूल के नेता स्थानीय लोगों की जमीनों पर कब्जे कर रहे थे, उनसे धन ऐंठ रहे थे और यह भी सामने आया कि स्थानीय महिलाओं से एक सुनियोजित तरीके से बलात्कार किए जा रहे थे।

स्थानीय महिलाओं के आंदोलन के कारण ही ये अपराध नज़र में आए। महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आयीं और उन्होंने तृणमूल के गुण्डों को तुरन्त प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग की। इनके विरोध प्रदर्शन करने की मांग की। इनके विरोध प्रदर्शन पर ना केवल बंगाल बल्कि पूरे देश की नज़र गई।

विरोध, जैसे-जैसे तीव्र होता गया, आरोपियों की सम्पत्तियों में आग लगाई जाने लगी। ऐसा लगा जैसे कि तृणमूल के गुण्डों की धमकियां व भय भी इस भाग की भेंट चढ़ गए। महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के कारण ही प्रशासन का हरकत में आकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार करना पड़ा।

शाहजहां को सी.बी.आई. के सुपुर्द करने के साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को राहत की सांस मिली है, लेकिन उन्हें आशंका है कि इस मामले में यदि केन्द्र सरकार का दखल नहीं रहा तो राज्य सरकार शाहजहां को छोड़ देती और उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती।

प्रधानमंत्री ने भी संदेशखाली के एक निकटवर्ती क्षेत्र का दौरा किया था। उनका भी यह मानना था कि तृणमूल कांग्रेस ने इन तत्वों को प्रोत्साहित कर भारी पाप किया है।

# मु.मंत्री भजन लाल शर्मा करोना...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कार्यक्रमों में वर्चुअल तरीके से सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने लिखा है कि "स्वास्थ्य सम्बधी समस्या के चलते स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिसमें मेरी रिपोर्ट कोविड पॉज़िटिव आई है। मैं सेल्फ आइसोलेशन में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पूर्णतः पालन कर रहा हूं एवं आगामी सभी कार्यक्रमों में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित रहूंगा।" करोना संक्रमित होने के कारण मुख्यमंत्री बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

मुख्यमंत्री के करोना पॉज़िटिव होने की खबर से विभिन्न दलों के नेताओ ने एक्स के माध्यम से उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा, कन्हैयालाल चौधरी सहित कई नेताओं ने मुख्यमंत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को संदेश जारी किया और लिखा कि "दोपहर से आप लोगों द्वारा मेरे स्वास्थ्य लाभ के लिए की गई अनेकों अनेक प्रार्थनाएं किए जाने एवम फोन और सोशल मीडिया से कुशल क्षेम के अनेकों संदेश मिल रहे हैं। आपके इस प्रेम से मैं अभिभूत हूं, आपके इस प्रेम से आइसोलेशन में भी अकेलेपन की अनुभूति नहीं हो रही है। इसके लिए मैं आप सब का व्यक्तिशः धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं।"

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को सलाह दी कि, "मेरी आप सब से प्रार्थना है कि इस ऋतु मे मौसमी रोगों के प्रसार की संभावनाओं को देखते हुए आप सब भी सावधानी बरतें एवं किसी भी रोग के लक्षण आने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श ले।"

उन्होंने कहा, विगत कुछ वर्षों से कोविड भी मौसमी बीमारियों की सूची में सम्मिलित हो गया है, परंतु यह संतोष का विषय है कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए वैक्सिनेशन अभियान और आमजन की सहभागिता से देश प्रदेश में इस रोग की भयावहता पर प्रभावी अंकुश लगा है। फिर भी हम सब को प्रयास करना चाहिए कि कोविड और अन्य मौसम जनित रोगों की रोकथाम के लिए सावधानी पूर्वक व्यवहार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं कोविड जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने तक डाक्टरों की सलाह पर आइसोलेशन में ही रहूंगा तथा फोन एवम वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से जनहित के आवश्यक कार्यों में अपने दायित्व का यथासंभव निर्वहन करूंगा। एक बार फिर आप सब का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह आपको स्वस्थ और सुखी बनाए रखें।"

## अलवर में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

निर्णय लिया गया। बैठक में ई.एस.आई.सी. के सात अस्पतालों का निर्माण करने को मंजूरी दी गई। ये अस्पताल उत्तर प्रदेश के मेरठ और बरेली में, मध्य प्रदेश के पीथमपुर, कर्नाटक के हरोहल्ली, नरसापुरा व बोम्मासंदरा में होंगे, जिनके निर्माण की लागत 1128.21 करोड़ रू. आएगी। इन अस्पतालों के निर्माण के बाद ई.एस.आई.सी. की मौजूदा चिकत्सा सुविधाओं में 800 बिस्तरों की बुनियादी तौर पर वृद्धि हो जाएगी।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908